# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




- कलेक्टर के निर्देश के बाद भी सप्लाई धीमी
- सभी ऑयल कंपनियों के संचालकों एवं डीलर्स की ली थी बैठक





धक्का लगाकर पंप तक पहुंच रहे वाहन चालक

## सूखे पंपों ने निकाला पसीना, 30 फीसदी बसों के पहिए जाम, मालवाहक भी खड़े होने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई शहरों में सरकार के आश्वासन के बावजूद पेट्रोल पंपों पर ईंधन के लिए मारामारी के हालात बने हुए हैं। बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, महासमुंद, धमतरी में पेट्रोल के लिए पंपों पर लाइन लगी रही। रायपुर जिले में लगातार तीसरे दिन भी ऐसे ही हालात रहे। बस ऑपरेटरों का कहना है कि ईंधन के अभाव में 30 फीसदी बसें खड़ी हो चुकी हैं। मालवाहकों पर भी असर नजर आ रहा है। रायपुर जिले में संचालित 297 पेट्रोल पंपों में 67 पंप शुक्रवार को भी ड्राई रहे, जिसके कारण दूसरे पेट्रोल पंपों पर भारी दबाव रहा। इन पंपों में पेट्रोल-डीजल भराने के लिए सुबह से लेकर रात तक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### यात्री बसों पर भी असर प्रदेश में 30 प्रतिशत गाड़ियों के थमे पहिए

*पेट्रोल-डीजल की किल्लत का असर अब यात्री बसों पर भी पड़ना शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनवर अली ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत का असर यात्री बसों पर भी पड़ा है। प्रदेशभर में लगभग 30 प्रतिशत बसों के पहिए थम चुके हैं। उनका कहना है कि अगर आगामी दो-तीन दिन यही स्थिति रही, तो और ज्यादातर बसें खड़ी हो जाएंगी। इधर दूसरी ओर पायल ट्रैवल्स के अमीन शेख का कहना है कि उनके ट्रैवल्स की सभी बसें अभी चल रही हैं, लेकिन व्यवस्था नहीं सुधरी, तो बसें खड़ी भी हो सकती हैं। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।*

### 24 घंटे सप्लाई होनी है

*कलेक्टर के निर्देश के तहत 24 घंटे पेट्रोल-डीजल की सप्लाई होनी है। ड्राई हो चुके सभी पंपों में पहले सप्लाई करने के लिए कहा गया है, ताकि उस क्षेत्र के लोगों को पेट्रोल-डीजल मिल सके। कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।*

*- कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर रायपुर*

- मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच करीब 2 साल बाद सरकार ने की बढ़ोतरी
- सीएनजी भी 2 रुपए प्रति किलो तक हो गई महंगी

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर

# आखिरकार फूटा बम, देशभर में पेट्रोल-डीजल के दाम 3 रुपए बढ़े

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया है। पूरे देश में पेट्रोल और डीजल के दाम 3 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। नए दाम 15 मई से लागू हो गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शुक्रवार से चार मेट्रो शहरों में पेट्रोल और डीजल की रिटेल कीमतें बढ़ गई हैं। नई बढ़ोतरी के बाद देश की राजधानी दिल्ली में नियमित पेट्रोल की कीमत 97.77 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है, जबकि डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है, वहीं दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने होंगे।, कोलकाता में 3.29 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में 3.14 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के बाद जहां दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये प्रति लीटर का हो गया है। वहीं, कोलकाता में वह बढ़कर 108.74 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में बढ़कर 106.68 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं, पेट्रोल चेन्नई में 2.83 रुपये बढ़कर 103.67 रुपये में मिल रहा है। ▶▶| शेष पेज 7 पर



बढ़ सकते हैं अन्य चीजों के दाम भी

दाम बढ़ने का सीधा असर आम आदमी की जेब और किचन पर पड़ता है जैसे

**मालभाड़ा बढ़ेगा**

- ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे

**खेती की लागत**

- ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी

**बस का किराया**

- सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है

### डीजल हुआ 90 के पार

डीजल की कीमतों की बात करें तो उसमें भी पेट्रोल की तरह दिल्ली में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में जिस डीजल के दाम पहले 87.67 रुपये प्रति लीटर थे. वह अब बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसी तरह कोलकाता में डीजल की कीमतें 3.11 रुपये बढ़कर 95.13 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। मुंबई में डीजल ठीक कोलकात की तरह 3.11 रुपये प्रति लीटर बढ़ा है।



### रायपुर में पेट्रोल 103 रुपए लीटर

खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि रायपुर जिले में पेट्रोल-डीजल में 3 रुपए 11-16 पैसे की वृद्धि हुई है। इस तरह पेट्रोल प्रति लीटर 103.56 पैसे एवं डीजल 96.56 पैसे में बिक रहा है।

### 'चुनाव खत्म, वसूली शुरू' विपक्ष ने सरकार को घेरा

कीमतों में इजाफे पर विपक्ष ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।






### मोबाइल से बनाता था डिजाइन

## गंजेड़ी ने नशे के लिए छाप डाले 6 लाख के नकली नोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस ने नकली नोटो के खपाने के पहले एक युवक को साढ़े 6 लाख रुपए के नकली नोट के साथ दबोच लिया। आरोपी के पास से 04 मोबाइल फोन जब्त किया गया है, जिसके माध्यम से वह नकली नोट डिजाइन करता था। पुलिस प्रिंटर का पता लगा रही है, जहाँ से आरोपी नकली नोट छापता था।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से मिली जानकारी पर 14 मई को दबिश देकर आरोपी कोदाभाट निवासी 29 वर्षीय युगल नाग पिता स्व. कुबेरराम नाग के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पुलिस ने नहीं किया खुलासा


*पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि आरोपी से अभी कई जानकारी जुटानी है और टीम प्रयासरत है। आरोपी मोबाइल के माध्यम से नोट की डिजाइन करता था। उससे कई अहम इनपुट मिले हैं। आरोपी ने नकली नोट प्रिंट करने के लिए जहाँ के प्रिंटर का प्रयोग किया है, उसका पता लगाया जा रहा है।*

### पीएम मोदी और यूएई राष्ट्रपति ने किए हस्ताक्षर

## एलपीजी-तेल की किल्लत होगी खत्म! भारत, यूएई के बीच करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यूएस-ईरान संघर्ष के चलते दुनिया भर में खड़े हुए ऊर्जा संकट के बीच भारत के लिए राहतभरी खबर सामने आई है। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर समझौता हुआ है। माना जा रहा है कि इससे भारत को बड़ी राहत मिल सकती है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी पहुंचे, यहां उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक की और रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यूएई ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर और वित्तीय संस्थानों में 5 अरब डॉलर निवेश करने का ऐलान भी किया।



### पांच देशों के दौरे पर पीएम मोदी

15 से 20 मई तक चलने वाले इस दौरे में पीएम मोदी यूएई के बाद नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे समेत कई देशों का दौरा करेंगे। इस दौरान व्यापार, टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

### बातचीत और कूटनीति ही समाधान

यूएई राष्ट्रपति के साथ बैठक में पीएम मोदी ने क्षेत्रीय तनाव को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति को जरूरी बताया। उन्होंने मुश्किल हालात में धैर्य दिखाने के लिए यूएई नेतृत्व की तारीफ की। मोदी ने यूएई पर हुए हमलों की निंदा करते हुए कहा कि भारत हर परिस्थिति में यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

### हवाई टिकटों की मनमानी कीमतों पर उठे सवाल

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा- दो एयरलाइन का किराया अलग क्यों, लोगों को राहत दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में हवाई टिकटों की बेतहाशा बढ़ती कीमतों पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि हवाई किराए का युक्तीकरण होना बेहद जरूरी है। दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों एक एयरलाइन 8000 चार्ज करती है, दूसरी 18000; सरकार से कहा- लोगों को थोड़ी राहत दें। कोर्ट ने केंद्र सरकार को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह हवाई यात्रियों को किराए की विसंगतियों से राहत दिलाए। मामले की अगली सुनवाई अब 13 जुलाई को होगी।



### किराए में भारी अंतर

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने एयरलाइंस के कामकाज पर सवाल उठाए। पीठ ने कहा कि यह हैरान करने वाला है कि एक ही दिन और एक ही सेक्टर के लिए अलग-अलग एयरलाइंस अलग-अलग किराया वसूल रही हैं। कोर्ट ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक ही रूट पर एक एयरलाइन 8,000 रुपये ले रही है, तो दूसरी उसी इकोनॉमी क्लास के लिए 18,000 रुपये वसूल रही है।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाई थी याचिका

यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता एस लक्ष्मीनारायणन की ओर से दायर की गई है। उनके वकील वरिष्ठ अधिवक्ता रवींद्र श्रीवास्तव ने दलील दी कि विमान अधिनियम 1937 के तहत नियम पहले से मौजूद हैं। समस्या यह है कि उन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीजीसीए के पास अत्यधिक किराया वसूलने वाली एयरलाइंस के खिलाफ निर्देश जारी करने की शक्ति है, लेकिन वह इसका इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

### सामान नीति और छिपे हुए शुल्कों पर सवाल

याचिका में केवल किराए ही नहीं, बल्कि एयरलाइंस की ओर से वसूले जाने वाले अन्य शुल्कों पर भी आपत्ति जताई गई है। याचिकाकर्ता का दावा है कि निजी एयरलाइंस ने बिना किसी ठोस कारण के फ्री चेक-इन बैगेज की सीमा 25 किलो से घटाकर 15 किलो कर दी है। इसे यात्रियों की सुविधा छीनकर कमाई का नया जरिया बना लिया गया है। कोर्ट ने पहले भी त्योहारों के दौरान किराए में होने वाली भारी बढ़ोतरी को 'शोषण' करार दिया था।




12 सालों का भरोसा,
आपका साथ, हमारी ताकत

EN-ICON
Harvesting the sun


CELEBRATING



YEARS OF EXCELLENCE

INNOVATION
TRUST
IMPACT

आपके विश्वास के लिए
धन्यवाद



A WORLD OF CHOICES AWAITS YOU, YET THE BEST ONES LEAVE THE MARK

N-Type TOPCon G12R 625 WP | N-Type TOPCon G2X 600 WP | N-Type TOPCon G2TB 560-620 WP | Monocrystalline Panels (MONO PERC) 420-590 WP

SCAN HERE

ICON SOLAR-EN POWER TECHNOLOGIES PVT. LTD.

HEAD OFFICE
Office No. 317-320 Offizo, Magneto Mall, G.E. Road, Raipur- 492001 Chhattisgarh-INDIA

BRANCH OFFICE
Raipur | Pune | Chennai | Coimbatore | Kochi | Nagpur Patna | Ranchi | Bengaluru | Hyderabad | Lucknow Kolhapur | Varanasi | Dehradun | Indore | Kolkata

IEC ISO 9001:2015 ISO 14001:2015 ISO 45001:2018

8827064040 | info@iconsolar-en.com | www.iconsolar-en.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



- अबूझमाड़, बीजापुर व सुकमा के सीमावर्ती जंगल व पहाड़ी इलाकों में आईईडी का खतरा बरकरार
- नक्सल खात्मे के बाद बीडीएस की टीम लगातार कर रहे आईईडी व विस्फोटक बरामद

*आईईडी डिफ्यूज करने बम स्क्वॉड के अलावा विशेषज्ञों की टीम तैनात*

# 150 दिन...256 बम डिफ्यूज, फिर भी सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में सैकड़ों आईईडी का खतरा अब भी

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

नक्सल खात्मे के बाद सुरक्षाबलों के लिए नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया प्रेशर व कमाण्ड आईईडी सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। आईईडी बरामद कर डिफ्यूज करने बम स्कवॉड के अलावा विशेषज्ञों की टीम तैनात की गई है जो लगातार बम बरामद कर रही है। हर महीने औसत 50 आईईडी निष्क्रिय किए जा रहे हैं, बावजूद आज भी अबूझमाड़, दक्षिण बीजापुर व सुकमा के सीमावर्ती जंगल व ▶▶|शेष पेज 7 पर



## सुरक्षाबलों व ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ा खतरा

आईईडी बरामद कर डिफ्यूज करने में जिला पुलिस, डीआरजी, बीडीएस (बम डिस्पोजल स्कवॉड), सीआरपीएफ एवं इंजीनियरिंग विशेषज्ञों की संयुक्त टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। प्रत्येक ऑपरेशन में प्रशिक्षित बीडीएस जवान, स्निफर डॉग, माइन प्रोटेक्टेड वाहन तथा आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। सुरक्षाबलों व ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ा खतरा आईईडी ही है जिसे लगातार बरामद कर निष्क्रिय किया जा रहा है। बावजूद अब भी अबूझमाड़ क्षेत्र, दक्षिण बीजापुर, सुकमा के सीमावर्ती जंगल एवं कुछ दुर्गम पहाड़ी इलाकों में आईईडी का खतरा बना हुआ है। हालांकि लगातार अभियान के कारण इन क्षेत्रों में नक्सली ताकत लगभग खत्म हो चुकी है।


## गांवों को सुरक्षित करना पहली प्राथमिकता

सरकार एवं सुरक्षा बलों का पहला फोकस गांवों को सुरक्षित बनाने के अलावा सड़क संपर्क बहाल करना तथा आम नागरिकों की निर्भीक आवाजाही सुनिश्चित करना है। अनेक गांवों में सुरक्षा कैंप, सड़क निर्माण एवं जनसुविधाओं के विस्तार के बाद स्थिति सामान्य हुई है और बड़ी संख्या में गांव अब सामान्य एवं सुरक्षित जीवन की ओर लौट चुके हैं। सुरक्षाबलों की ओर से नागरिकों को सलाह दी गई है कि जंगलों में अपरिचित वस्तु, तार, दबे हुए कंटेनर या संदिग्ध सामग्री दिखने पर उसे न छुएं तथा तुरंत निकटतम पुलिस/सुरक्षा कैंप को सूचना दें। ग्रामीणों में लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

-सुंदरराज पट्टलिंगम
आईजी बस्तर

## खबर संक्षेप

### विदेश यात्रा पर कर लगाने की खबर फर्जी : पीएम मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उन खबरों को 'पूरी तरह से फर्जी' बताया जिनमें कहा गया था कि सरकार विदेश यात्रा पर कर, उपकर या अधिभार लगाने पर विचार कर रही है। प्रधानमंत्री ने यह बात एक खबर की प्रतिक्रिया में कही, जिसमें कहा गया है कि सरकार विदेशी यात्रा पर कर, उपकर या अधिभार लगाने पर विचार कर रही है, लेकिन अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'यह सरासर झूठ है।

### एसबीआई कर्मचारियों करेंगे 25-26 को हड़ताल



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इँडिया में काम करने वाले कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने मई महीने के आखिर में दो दिन की राष्ट्रव्यापी यानी देशभर में हड़ताल करने का ऐलान किया है। यूनियन का कहना है कि लंबे समय से बैंक प्रबंधन के साथ बातचीत चल रही थी, लेकिन कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान नहीं हो पा रहा था।

## निरस्त की गई परीक्षा होगी अब 21 जून को, पसंद का शहर चुनने का मिलेगा अवसर

# पर्चा लीक के बाद नीट में बड़ा बदलाव अगले साल से ऑनलाइन होगी परीक्षा

नीट यूजी2026 पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव करने का ऐलान किया है। अगले साल यानी 2027 से नीट यूजी परीक्षा पूरी तरह कंप्यूटर-बेस्ड फॉर्मेट (सीबीटी मोड) यानी कि ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। सरकार का मानना है कि डिजिटल परीक्षा प्रणाली अपनाने से पेपर लीक और धांधली जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी। साथ ही, निरस्त की गई नीट यूजी2026 परीक्षा का री-एग्जाम अब 21 जून को होगा, जिसमें छात्रों को ओएमआर शीट भरने के लिए 15 मिनट अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। पुनः परीक्षा के लिए छात्रों से किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को मीडिया के सामने घोषणा की कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 की निरस्त हुई परीक्षा के लिए नई तारीख तय कर दी है। अब यह री-एग्जाम 21 जून को आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को री- एग्जाम में शामिल होने के लिए अपनी पसंद का शहर चुनने का अवसर मिलेगा। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा।

- भारत सरकार की मंजूरी के बाद दोबारा परीक्षा कराने का लिया गया निर्णय

3 मई को हुई मूल परीक्षा को गड़बड़ी के चलते रद्द कर दिया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने भी कहा कि भारत सरकार की मंजूरी के बाद दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की गई है कि वे किसी भी जानकारी के लिए केवल एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें।

## ओएमआर शीट भरने के लिए इस बार मिलेगा अतिरिक्त 15 मिनट

### 'शिक्षा माफियाओं के खिलाफ होगी कार्रवाई'

*पेपर लीक की जड़ तक पहुंचने के लिए सरकार ने मामले की कमान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। प्रधान ने बताया कि 7 मई को मिली शिकायत के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने सघन जांच शुरू की, जिसमें यह पुष्टि हुई कि गेस पेपर के नाम पर असली सवाल लीक किए गए थे। मंत्री ने कहा कि हम किसी भी मेधावी छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे और शिक्षा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि 2025 और 2026 में सुधारों के बावजूद हुई इस घटना ने हमें परीक्षा को पूरी तरह डिजिटल करने पर मजबूर किया है। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के भविष्य के डॉक्टरों का चयन पूरी तरह निष्पक्ष और सुरक्षित वातावरण में हो।*



### 14 जून तक जारी होंगे एडमिट कार्ड

प्रधान ने यह भी कहा, 'इस परीक्षा के एडमिट कार्ड सभी उम्मीदवारों को 14 जून तक जारी कर दिए जाएंगे। भारत सरकार छात्रों के लिए परिवहन सुविधाओं की व्यवस्था के संबंध में राज्यों से बात करेगी, और मैं भी व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्रियों से बात करूंगा ताकि इस बार नीट परीक्षा के दौरान छात्रों को परिवहन में कम से कम दिक्कतों का सामना करना पड़े। एनटीए 21 जून को मौसम में होने वाले बदलावों को देखते हुए एक वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार कर रहा है।'

### नीट पेपर लीक का मास्टर माइंड केमिस्ट्री का लेक्चरर पुणे से किया गया गिरफ्तार



नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ा खुलासा करते हुए कथित मास्टरमाइंड पी.वी. कुलकर्णी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी के मुताबिक कुलकर्णी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए)की परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ा केमिस्ट्री लेक्चरर था और उसे प्रश्नपत्रों तक सीधी पहुंच हासिल थी। सीबीआई का दावा है कि कुलकर्णी ने परीक्षा से पहले पुणे स्थित अपने घर को 'सीक्रेट कोचिंग सेंटर' बना दिया था, जहां चुनिंदा छात्रों को असली सवाल और उनके जवाब डिक्टेट किए गए। इसके बदले छात्रों से लाखों रुपये वसूले गए। जांच में सामने आया है कि अप्रैल 2026 के आखिरी सप्ताह में कुलकर्णी ने गिरफ्तार आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को इकट्ठा किया। इसके बाद अपने घर पर विशेष क्लास लगाकर उसने प्रश्न, विकल्प और सही उत्तर बताए। छात्रों ने इन्हें अपनी कॉपियों में लिखा और बाद में वही सवाल 3 मई की नीट परीक्षा में हूबहू मिले। सीबीआई के मुताबिक बरामद नोटबुक, असली प्रश्नपत्र का मिलान होने के बाद एजेंसी को पुख्ता सबूत मिले।

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उच्च स्तरीय बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की
- शामिल होंगे एमपी, यूपी, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

# कल शाम आएंगे शाह 19 को बस्तर में क्षेत्रीय परिषद की बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 19 मई को बस्तर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में शामिल होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली जाकर इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री श्री शाह से मुलाकात भी की थी। शुक्रवार को राजधानी में उन्होंने इस बैठक की तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक की। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ▶▶|शेष पेज 7 पर

**शाह का प्रस्तावित कार्यक्रम (17-19 मई 2026)**

17 मई : शाम को रायपुर आगमन और रात्रि विश्राम।
18 मई : रायपुर में डायल-112 आपातकालीन सेवा के वाहनों को हरी झंडी दिखाएंगे और बस्तर (जगदलपुर) के लिए रवाना होंगे।
19 मई : जगदलपुर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि "मजबूत राज्य ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं" और इसी भावना के साथ क्षेत्रीय परिषदें विकास, प्रशासनिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इन परिषदों ने राज्यों के बीच स्वस्थ सहयोग और विकासोन्मुखी सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बस्तर में शांति स्थापना के बाद इस स्तर की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन यह ▶▶|शेष पेज 7 पर

**26 को मानसून की एंट्री**

# बेमौसम बारिश, गाज गिरने से 1 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाले नमी के प्रभाव से शुक्रवार को सुबह-सुबह मौसम बिगड़ गया। राजधानी समेत राज्य के कई इलाकों में छाए बादल जमकर गरजे और करीब डेढ़ घंटे तक बरसते रहे। मौसम विभाग में 27 मिमी. बारिश दर्ज की गई। हुई बारिश की वजह से दिन का तापमान 5 डिग्री लुढ़ककर 36 डिग्री से कम हो गया। बदले मौसम का प्रभाव रविवार को भी रहने के आसार हैं, जिसके बाद सोमवार से तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

वर्तमान में प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से काफी मात्रा में नमी आ रही है। इसके अलावा ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा मध्यप्रदेश में मौजूद है। इसके प्रभाव से शुक्रवार की सुबह-सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में गहरे काले बादल छा गए, जिसमें जमकर गर्जना हुई। आपस में टकराने के साथ गरजने वाले बादल में बिजली भी चमकती रही। इस दौरान राजधानी के अलावा, बिलासपुर और ▶▶|शेष पेज 7 पर

*ढाई सेमी. बारिश के बाद 5 डिग्री तक लुढ़का पारा*

*आज भी राहत रहने के आसार, रविवार से बढ़ेगा तापमान*



## मचान पर सो रहे पुत्र की मौत पिता घायल, घर जलकर खाक



**महासमुंद।** जिले में बीती रात मौसम के बदले मिजाज और आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचाई है। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि एक अन्य घायल है। वहीं एक अन्य घटना में बिजली गिरने से घर में आग लग गई, जिससे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। पहली घटना तुमगांव ▶▶|शेष पेज 7 पर



## डेट कंफर्म, केरल में 26 को दस्तक देगा मॉनसून

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 2026 के केरल पहुंचने की संभावित तारीख 26 मई घोषित कर दी है। सामान्य तिथि 1 जून की तुलना में यह करीब छह दिन पहले है। मॉनसून के आगमन के साथ दक्षिण भारत के राज्यों में भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है, साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन सकती हैं।

**जिनपिंग ने धमकाया भी दबाया भी**

# चीन ने नहीं दी तवज्जो 'डाउनग्रेड' हुए राष्ट्रपति ट्रंप!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर बीजिंग से रवाना हो गए। ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध और व्यापार सहित कई मुद्दों पर कई दौर की बातचीत की। व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहना चाहिए। लेकिन इन सबके बाद ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ताइवान पर दी धमकी

ताइवान मुद्दे पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का रुख बेहद कड़ा रहा। उन्होंने इसे 'शांति बनाम आजादी' की लड़ाई बताते हुए अमेरिका को स्पष्ट चेतावनी दी कि गलत कदम दोनों देशों को युद्ध की ओर ले जा सकता है। इस मुद्दे पर ट्रंप की 'खामोशी' विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

**शमशाबाद एयरपोर्ट पर विदेशी मुद्रा भी की गई जब्त**

# प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी हैदराबाद एयरपोर्ट पर मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

हैदराबाद के बाहरी इलाके शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप मच गया। जैसे ही फ्लाइट के एयरपोर्ट पर लैंड हुई। उसे आइसोलेशन बे में ले जाकर जांच शुरू की गई है। यह घटना तब हुई, जब लुफ्थांसा एयरलाइंस की फ्लाइट एलएच 754 वी जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही थी। उड़ान के ▶▶|शेष पेज 7 पर



### सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

हालांकि राहत की बात यह रही कि फ्लाइट सुरक्षित तरीके से एयरपोर्ट पर लैंड कर गई। लैंडिंग के बाद विमान को सीधे आइसोलेशन बे (अलग सुरक्षित क्षेत्र) में ले जाया गया। यहां उसकी बारीकी से जांच शुरू की गई। यात्रियों को भी सामान्य सुरक्षा प्रक्रिया के तहत उतारा गया और सभी की जांच की गई।

### हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू

यह करेंसी सामान्य बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ी। जब बैग की जांच की गई, तो उसमें संदिग्ध विदेशी मुद्रा दिखाई दी, जिसके बाद तुरंत उसे अलग कर लिया गया और यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई।

### विदेशी करेंसी पकड़ी गई

इसी एयरपोर्ट से एक और मामला सामने आया, जो विदेशी मुद्रा की बरामदगी से जुड़ा है। सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री से लगभग 11,85,930 रुपये मूल्य की विदेशी करेंसी पकड़ी गई। यह यात्री सैयद इस्माइल अली बताया जा रहा है।

## अयोध्या केस को फैसले का आधार बनाकर हाईकोर्ट का अहम फैसला

# भोजशाला है वाग्देवी मंदिर, मुस्लिमों को नमाज की अनुमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर/धार

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच का भोजशाला मंदिर और कमाल मौला मस्जिद विवाद को लेकर बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाया है। कोर्ट ने भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है और कहा है कि राजा भोज के समय यह शिक्षा का बड़ा केंद्र रहा होगा, ऐसे में यहां मूर्ति लगाई जा सकती है। कोर्ट ने हिंदुओं को पूजा का अधिकार देते हुए कहा है कि हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना है। कोर्ट ने एएसआई के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें मुस्लिमों को नमाज की अनुमति दी गई थी।

### क्या है भोजशाला विवाद

भोजशाला विवाद को लेकर साल 2022 में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। याचिका में भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय करने और हिंदू समाज को पूर्ण पूजा अधिकार देने की मांग की गई थी। इसके बाद अदालत के निर्देश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआई ने 2024 में 98 दिनों तक वैज्ञानिक सर्वे किया था। सर्वे रिपोर्ट अदालत में पेश की गई, जिसके आधार पर दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे।



### जाएंगे सुप्रीम कोर्ट : मुस्लिम पक्ष

हाई कोर्ट के इस फैसले पर धार के शहर काजी वकार सादिक ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह फैसला उन्हें स्वीकार्य नहीं है और वे इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। काजी ने आरोप लगाया कि एएसआई की रिपोर्ट 'बायस्ड' (पक्षपातपूर्ण) है। उन्होंने दावा किया कि सर्वेक्षण के दौरान मिले कई साक्ष्यों को नजरअंदाज किया गया और रिपोर्ट सिर्फ एक पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार की गई।

### फैसले के अहम बिंदु

- हाईकोर्ट ने कहा कि भोजशाला में सरस्वती मंदिर और संस्कृत शिक्षा केंद्र के साक्ष्य पाए गए हैं।
- कोर्ट ने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई सर्वे के साथ अयोध्या केस को भी आधार माना
- कोर्ट ने कहा– हर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन स्मारकों और मंदिरों की सुरक्षा निश्चित करे। साथ ही गर्भगृह और धार्मिक आस्था से जुड़ी देव प्रतिमाओं का भी संरक्षण करे।

**ईंधन संकट को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से ईंधन बचाने की अपील की थी

# सुप्रीम कोर्ट में हर सोमवार व शुक्रवार को होगी सिर्फ वर्चुअल सुनवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से पेट्रोल-डीजल और गैस को लेकर उपजे संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के मुताबिक अदालत ने अब सोमवार और शुक्रवार को सिर्फ वर्चुअल सुनवाई का आदेश जारी किया है। हालातों को देखते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने ये फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट में अभी तक हाइब्रिड सुनवाई की व्यवस्था थी। यानी व्यक्तिगत तौर पर पेशी और वर्चुअल दोनों तरीके से कोर्ट कार्यवाही हो रही थी। ईंधन संकट को देखते हुए अब 'मिसलेनियस डेज' यानी सोमवार, शुक्रवार या अन्य निर्धारित दिन में केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई होगी। आंशिक कार्य दिवसों में भी सिर्फ वर्चुअल सुनवाई होगी। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने ईंधन की बचत करने वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन बैठकों को फिर से अपनाने की सलाह दी है। इसी के मद्देनजर रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह व्यवस्था लागू की है।

### जारी किया सर्कुलर

सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर सर्कुलर जारी किया है। सेकेट्री जनरल भरत पाराशर की ओर से कहा गया है कि भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा 12 मई 2026 को जारी एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, तुरंत प्रभाव से कई प्रशासनिक और कार्य संचालन संबंधी नए उपाय लागू किए गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट में "मिसलेनियस डेज" (जैसे सोमवार, शुक्रवार या अन्य निर्धारित दिन) तथा आंशिक कार्य दिवसों पर सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी।



**कार पूलिंग करने सहमत हुए जज :** *रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया है कि वीडियो लिंक समय पर भेजे जाएं और तकनीकी व्यवस्था सुचारू रखी जाए ताकि न्यायालय के कामकाज में कोई बाधा न आए. ईंधन के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के माननीय जजों ने आपसी सहमति से कार-पूलिंग को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया हैं।*

### 50 प्रतिशत कर्मी दो दिन वर्क फ्रॉम होम करेंगे

रजिस्ट्री के प्रत्येक शाखा/सेक्शन में अधिकतम 50% कर्मचारी सप्ताह में दो दिन तक घर से काम कर सकते हैं। की स्टाफ की कार्यालय में उपस्थिति आवश्यक होगी, ताकि कामकाज निर्बाध रूप से चलता रहे। संबंधित रजिस्ट्रार को साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने, कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को तुरंत कार्यालय बुलाया भी जा सकता है।

### व्यवस्था में हो सकता है संशोधन

यदि किसी शाखा में वर्क फ्रॉम होम प्रभावी नहीं पाया जाता है, तो रजिस्ट्रार इसे सीमित या संशोधित कर सकते हैं। यह व्यवस्था प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से लागू की गई है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पुल से गिरा, छह की मौत, नौ घायल



**कोप्पल।** कर्नाटक के कोप्पल जिले में शुक्रवार को एक ट्रक से टकराने के बाद एक ट्रैक्टर पुल से नीचे गिर गया जिससे छह लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना मुनिराबाद पुलिस थाना क्षेत्र में आने वाले तुंगभद्रा पुल पर हुई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के समय ट्रैक्टर की ट्रॉली में 15 यात्री सवार थे जो हुलिगे मंदिर जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए।

### किसानों को तितर-बितर करने छोड़ी अश्रु गैस

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को ज्ञापन सौंपने के लिए लोक भवन की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले पूरे पंजाब से बड़ी संख्या में जुटे किसान मोहाली में एकत्र हुए और मोहाली-चंडीगढ़ सीमा से लोक भवन तक मार्च निकालने पुलिस से भिड़ गए। कुछ किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जोगिंदर सिंह उगराहां समेत कुछ एसकेएम नेताओं ने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई में कुछ किसान घायल हुए हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन के समापन पर बोले ईरानी विदेश मंत्री अराघची

# ईरान की दो टूक : अमेरिका पर भरोसा नहीं दुश्मन देशों के जहाजों को नहीं मिलेगी छूट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघाची ने शुक्रवार को नई दिल्ली में बड़ा बयान देते हुए कहा कि दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज सभी देशों के जहाजों के लिए खुला है, लेकिन उन देशों के जहाजों को अनुमति नहीं दी जाएगी जो ईरान के साथ 'युद्ध की स्थिति' में हैं। ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत दौरे पर आए अराघची ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'जहां तक हमारी चिंता है, होर्मुज सभी के लिए खुला है। सिवाय उन देशों के जहाजों के जो हमारे साथ युद्ध में हैं। उन्होंने कहा कि ईरान उन सभी देशों की मदद करने को तैयार है जो इस समुद्री मार्ग से गुजरना चाहते हैं।

### भारत के साथ हुई अहम बातचीत

नई दिल्ली में अराघची ने विदेश मंत्री जयशंकर से द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति और होर्मुज समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान की चिंताएं, हित और क्षेत्रीय मुद्दों पर सोच काफी हद तक समान है। इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ईरानी विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस बैठक में पश्चिम एशिया के हालात और बहुपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई।



### 'अमेरिका पर भरोसा करने की कोई वजह नहीं'

अराघची ने कहा कि ईरान को अमेरिका पर कोई भरोसा नहीं है। ईरानी विदेश मंत्री ने आरोप लगाया कि 40 दिनों के संघर्ष के बाद जब अमेरिका अपने उद्देश्यों में सफल नहीं हुआ, तब उसने बातचीत का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा, 'हमारे पास अमेरिकियों पर भरोसा न करने की हर वजह है, जबकि उनके पास हम पर भरोसा न करने की कोई वजह नहीं है।

### 'हम सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करेंगे'

ईरानी विदेश मंत्री ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में तनाव खत्म होने के बाद हालात सामान्य हो जाएंगे और जहाजों की आवाजाही सुरक्षित बनी रहेगी। उन्होंने कहा, 'जैसे ही आक्रामकता खत्म होगी। मुझे यकीन है कि सब कुछ सामान्य हो जाएगा। हम सभी जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था करेंगे।

### जारी नहीं हो पाया ब्रिक्स देशों का साझा बयान

ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को नई दिल्ली में बिना किसी संयुक्त बयान के समाप्त हो गई। मेजबान भारत ने कहा कि मध्य पूर्व की स्थिति को लेकर सदस्य देशों के बीच 'कुछ मुद्दों पर अलग-अलग राय' होने की वजह से साझा बयान जारी नहीं किया जा सका। भारत की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सदस्य देशों ने संप्रभुता, समुद्री सुरक्षा, नागरिक ढांचे की सुरक्षा और मध्य पूर्व में आम लोगों की जान की रक्षा जैसे मुद्दों पर 'अपने-अपने देश की स्थिति स्पष्ट की और अलग-अलग राय शेयर की। बयान में एक फुटनोट भी शामिल था, जिसमें कहा गया कि 'एक सदस्य देश' को गाजा और लाल सागर व बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट की सुरक्षा से जुड़े हिस्सों पर आपत्ति थी।

### भारत की किसी भी भूमिका का स्वागत : अराघची

*ईरान और अमेरिका के बीच सीजफायर बहुत ही नाजुक स्थिति में है। इस बीच भारत आए ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि दूसरा पक्ष गंभीर हो तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं। साथ ही अब्बास अराघची ने कहा कि इस क्षेत्र में शांति के लिए भारत द्वारा निभाई जा सकने वाली किसी भी भूमिका का स्वागत करते हैं। अराघची ने कहा हम फिर से लड़ाई शुरू कर सकते हैं, लेकिन हम कूटनीति के लिए भी तैयार हैं।*

**तमिलनाडु में बढ़ा सियासी विवाद**

# एआईएडीएमके के 25 विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की सरकार ने 13 मई 2026 को विधानसभा में अपना बहुमत साबित किया था। इस दौरान, एआईएडीएमके के 25 विधायकों ने पार्टी लाइन से आगे जाकर टीवीके सरकार के समर्थन में वोट दे दिया था। इसके बाद, अब विधायकों पर संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत उनकी योग्यता पर सवाल खड़े हो गए हैं। कानूनी जानकारों का कहना है कि एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ही पार्टी के अधिकृत व्हिप तय करने का अधिकार रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट के सुभाष देसाई बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले का भी हवाला दिया जा रहा है। इस फैसले में कहा गया था कि व्हिप नियुक्त करने का अधिकार राजनीतिक दल के पास होता है, विधायक दल के पास नहीं।



### कुछ विधायकों को मंत्री पद का ऑफर

एआईएडीएमके का कहना है कि मुख्यमंत्री विजय इन विधायकों में से कुछ को मंत्री बनाने पर विचार कर रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 164(1-बी) के मुताबिक, जब तक कोई विधायक आधिकारिक रूप से अयोग्य घोषित नहीं होता, तब तक उसे मंत्री बनने से नहीं रोका जा सकता। यानी स्पीकर का फैसला आने से पहले ये विधायक मंत्री बन सकते हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर राजनीतिक और कानूनी बहस तेज हो गई है।

### वीसीके सांसद की 'चेतावनी'

इस मामले में वीसीके सांसद रविकुमार ने भी मुख्यमंत्री विजय और टीवीके सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि बागी विधायकों को मंत्री बनाना राजनीतिक नियमों के खिलाफ होगा। रविकुमार का कहना है कि इन विधायकों को पहले अपनी विधानसभा सीट से इस्तीफा देना चाहिए।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## एक सप्ताह में तीन बड़े हमले

### बारूद भरे ट्रक में विस्फोट 9 जवानों के चीथड़े उड़े



**कराची।** पाकिस्तान के अफगानिस्तान सीमा से लगे इलाकों में हालात लगातार खतरनाक होते जा रहे हैं। एक के बाद एक बम धमाके, मोर्टार हमले और आतंकी हमलों ने पूरे इलाके में डर फैला दिया है। अब खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर में आतंकियों ने विस्फोटकों से भरे ट्रक के साथ सुरक्षा बलों के कैंप को निशाना बनाया और 9 जवानों की जान ले ली। पेशावर के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि हमलावर विस्फोटकों से भरा वाहन लेकर सुरक्षा परिसर के गेट तक पहुंचे और उसे उड़ा दिया। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ लंबे समय तक गोलीबारी के बाद हमलावर वहां से भाग गए। इस हमले में कम से कम 35 सुरक्षाकर्मी घायल भी हुए।

### रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला 24 घंटे में दाग दिए 1567 ड्रोन



एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस ने यूक्रेन के साथ 2022 से शुरू हुए युद्ध में अभी तक का सबसे बड़ा हमला किया है। यह हमला हाल के सालों में सबसे भारी हमलों में से एक माना जा रहा है। इस हमले को समझने के लिए पुरानी तुलना देखते हैं।

सितंबर 2022 से जुलाई 2023 तक के पहले 11 महीनों में रूस ने कुल मिलाकर जितने ड्रोन दागे, उससे भी ज्यादा 1567 ड्रोन उसने 24 घंटे के भीतर ही दाग दिए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने खुद यह आंकड़ा दिया। इस हमले में ड्रोन के साथ मिसाइलें भी शामिल थीं। रूस का टारगेट यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को कमजोर करना, बिजली व्यवस्था को नष्ट करना। आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाना था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130




# माधुरी के जन्मदिन पर फिल्म 'मां बहन' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का इंतजार अब खत्म हो गया है। आखिरकार, निर्माताओं ने आज फिल्म 'मां बहन' के टीजर के साथ ही इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के 59वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने खासतौर पर फिल्म 'मां-बहन' का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'मां बहन' की रिलीज डेट भी बता दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 'मां बहन' 4 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।' यह टीजर 46 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत माधुरी और तृप्ति से होती है। दोनों मिलकर एक लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करती हैं, जिसमें उनकी मदद धर्णा दुर्गा करती हैं।

लाइफ Style



# आरती

## श्रीमद् भगवद गीता लेकर कान में छा गईं

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर जहां पहले दिन से ही आलिया भट्ट अपने ग्लैमर अवतार में लगातार नजर आ रही हैं वहीं इस वक्त एक और नाम ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ये हैं आरती खेतरपाल जिन्होंने वृंदावन थीम के साथ वहां रेड कार्पेट पर सबका दिल मोह लिया है। श्रीमद् भगवद गीता के साथ काम फिल्म फेस्टिवल में उनकी एंट्री ने अब खूब तलहका मचा दिया है। हर तरफ उनकी जोर-शोर से चर्चा चल रही है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरती खेतरपाल मूल रूप से भजन सिंगर हैं। साल 2018 में मीका सिंह के गाने 'समा' में नजर आईं और इससे उन्हें पहचान भी मिली। वो वृंदावन में रहकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा कुतुब मीनार, रागिनी एमएमएस रिटर्न्स, प्यार इश्क रेंट, मुस्कुराहटें, इनसाइड ऐज जैसे शोज में नजर आईं। कान के रेड कार्पेट पर भारतीय परंपरा, सनातन धर्म , वृंदावन की झलकियां, श्रीमद् भगवद गीता , मंत्र जाप की थेली, हरे कृष्णा मंत्र जैसी चीजों को अपने में समेटे हुए आरती ने एक मिसाल कायम कर दी। इस बार इस इवेंट में कुछ ऐसा हुआ जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। बता दें कि आरती का ये अंदाज किसी फैशन को लेकर नहीं बल्कि ये चीजें उनकी आस्था और विश्वास को बयां कर रहे थे। उनके हाथ में भगवद गीता था जो काफी अर्थपूर्ण लग रहा था। आरती इस ग्लैमरस मौके पर आध्यात्मिक भाव से भरी दिखीं जैसे वो यहां सनातन धर्म को प्रतिनिधित्व कर रही हों। आरती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'और फिर कान के इतिहास में पहली बार उन्होंने वैष्णवों और कृष्ण को समर्पित एक भेंट के रूप में गर्वपूर्वक कान के रेड कार्पेट पर सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। यह ईश्वर में विश्वास रखने वाले हर इंसान के लिए है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारे सभी गुरुओं और संतों को, जो हमें जप करना सिखाते हैं।

# अक्षय के डायलॉग से लेकर सुनील की कॉमेडी ने मचाया धमाल



**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है। आखिरकार, शुक्रवार को अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, 'सूचना- इस फिल्म में किसी भी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया गया है, सिवाय कुछ घोड़ों के और हम...।' 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर में बहुत हंसी-मजाक है। सबसे ज्यादा मजेदार अक्षय कुमार के डायलॉग हैं। सुनील शेट्टी जब अक्षय पर गोली चलाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'तू मरता क्यों नहीं?' तब अक्षय कहते हैं- 'मैं मरने में जान डाल रहा हूं।' फिल्म के टीजर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और अफरा-तफरी से भरा माहौल दिखाया गया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका देखने को मिलता है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कुल 34 कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और राजपाल यादव। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है।






# रूपी ने कान फिल्म फेस्टिवल में बिखेरा जलवा

**मुंबई।** पंजाबी अभिनेत्री रूपी गिल ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर बहुत खूबसूरती से एंट्री की। उन्होंने पंजाबी सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया और अपनी आने वाली फिल्म 'चढ़दी कला' का प्रचार किया। यह फिल्म 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कान 2026 में रूपी गिल पारंपरिक पंजाबी कपड़ों में सजी हुई नजर आईं। उन्होंने हल्के क्रीम रंग (आइवरी) का शरारा सेट पहना है। इसमें छोटा कुर्ता और घेरदार शरारा पैंट है, जिस पर सोने के रंग की सुंदर कढ़ाई और प्रिंटिंग की गई है। इस पंजाबी लुक में सबसे खास रूपी का फुलकारी स्टाइल का आइवरी दुपट्टा लगा, जिसके किनारों पर भारी सोने की कढ़ाई है। उन्होंने दुपट्टा पारंपरिक पंजाबी तरीके से सिर पर ओढ़ रखा है। उन्होंने इस लुक को पारंपरिक गहनों से पूरा किया। पोल्की-कुंदन का हार जिसमें पन्ने (एमरल्ड) के लटकन लगे थे, मैचिंग झुमके और सोने की चूड़ियां। रूपी गिल ने अपने लुक को इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कान के कार्पेट पर पंजाब की मिट्टी।


# गुजराती फिल्म लालो ने रचा इतिहास



**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'लालो- कृष्ण सदा सहायते' ने कान फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रच दिया है। यह उन पहली गुजराती फिल्मों में से एक बन गई है जो ग्लोबल लेवल पर पहुंची है। यह फिल्म भारत की क्षेत्रीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले गई है। कान में 'लालो' का पहुंचना गुजराती सिनेमा के लिए मील का पत्थर है। फिल्म की कामयाबी और ग्लोबल पहचान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, निर्माताओं ने इस पूरे सफर के दौरान सपोर्ट देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद कहा है। फिल्म के निर्देशक अंकित सखिया ने एक बयान में कहा 'कान फिल्म फेस्टिवल में 'लालो' की अगुआई करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और यह फिल्म ही हमें यहां तक लाई है। हमें 'लालो' के जरिए गुजरात और उसकी संस्कृति का एक छोटा सा हिस्सा ग्लोबल स्तर पर ले जाने का सम्मान मिला है। हमें उम्मीद है कि यह फिल्म भाषा और सीमाओं से परे जाकर लोगों के दिलों से जुड़ेगी।' फिल्म के निर्माता अजय पड़ारिया, जय व्यास और जिगर दलसानिया ने कहा कि इस फिल्म की कल्पना हमेशा एक ऐसी कहानी के रूप में की गई थी जो सीमाओं से परे जाकर दर्शकों के दिलों को छू सके।

## ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी धुरंधर 2

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपए से



अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन, एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

## अनदेखी में नजर आ रहीं लवीना

**नई दिल्ली।** जोधा अकबर टीवी का पॉपुलर शो है, जिसने दो साल में फैंस के दिलों पर राज किया। इस शो को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिम्स के जरिए प्रोड्यूस किया। वहीं, रजत टोकस ने अकबर की भूमिका अदा की और परिधि शर्मा ने जोधा बाई का किरदार निभाया। इसके अलावा एक्ट्रेस लवीना टंडन भी जोधा अकबर शो में नजर आईं। उन्होंने अकबर की पहली पत्नी रुकैया सुल्तान बेगम का किरदार निभाया। वह इस किरदार में खूब पॉपुलर हुईं। जबकि स्माइली सूरी ने उनसे पहले कुछ एपिसोड में रुकैया बेगम का किरदार निभाया था। लवीना टंडन टीवी की दुनिया से भले ही दूर हैं। लेकिन, ओटीटी पर इन दिनों वह छाई हुई हैं। वह अनदेखी और लुक्खे में नजर आ रही हैं। अनदेखी में उनका किरदार एक पुलिसवाली का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। जबकि लुक्खे में उनका किरदार काफी अलग है. वह गालियां देती, ड्रग्स बेचती और बंदूक चलाती दिख रही हैं।






## चिंतन

# यह महंगाई की शुरुआत लग सकते हैं और झटके

दुनिया के हालातों को देखते हुए समय कठिन है। ऐसे में सरकार भी कुछ चुभने वाले कठिन फैसले ले रही है। ये आम आदमी की नजर में पीड़ादायक हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के हालातों पर नजर डालें तो यह फैसला राहत देने वाला है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। यह बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर पूरे आर्थिक ढांचे पर पड़ता है। मालभाड़ा बढ़ने से खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दवाइयों, निर्माण सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगते हैं। यही कारण है कि लोग इसे महंगाई की नई शुरुआत मान रहे हैं। दरअसल, मौजूदा संकट केवल घरेलू नहीं, बल्कि वैश्विक परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है। खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालातों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति और कीमत दोनों को प्रभावित किया है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में मामूली उछाल भी सीधे देश की अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। यही वजह है कि सरकार को कई बार ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं जो अलोकप्रिय तो दिखते हैं, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए जरूरी माने जाते हैं। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा। मालभाड़ा बढ़ने से रोजमर्रा की सभी चीजें महंगी होंगी। खाड़ी के हालात जल्दी सुधरते नजर नहीं आ रहे। विश्लेषकों का मानना है कि यह महंगाई की शुरुआत है। लोगों को अभी और झटके सहने के लिए तैयार रहना चाहिए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तेल और गैस पर समझौते के लिए यूएई और नॉर्वे समेत नॉर्डिक देशों के दौरे पर हैं। उम्मीद है कि वहां से अच्छी खबर मिलेगी। भारत नए ऊर्जा साझेदारों की तलाश कर रहा है, ताकि भविष्य में किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम की जा सके। हालांकि आम नागरिक के लिए यह तर्क उतना राहत देने वाला नहीं है, क्योंकि मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के लिए रसोई का बजट संभालना कठिन हो जाता है। निजी वाहन चलाना महंगा पड़ता है, सार्वजनिक परिवहन का किराया बढ़ता है और छोटे व्यापारियों की लागत भी बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों के भीतर असंतोष पैदा होना स्वाभाविक है। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह भी समझना होगा कि कई बार सरकारों के पास विकल्प सीमित होते हैं। यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ेगा। भले ही युद्ध जल्द समाप्त हो जाए, लेकिन आपूर्ति तंत्र को सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। इसलिए मौजूदा समय को एक तरह से "न्यू नॉर्मल" के रूप में देखने की जरूरत है, जहां वैश्विक अस्थिरता का असर सीधे आम जीवन पर दिखाई देगा। इतिहास गवाह है कि हर आर्थिक संकट स्थायी नहीं होता। दुनिया ने महामारी, युद्ध और मंदी जैसे कई कठिन दौर देखे हैं और उनसे बाहर भी निकली है। भारत जैसी मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में भी चुनौतियों से निपटने की क्षमता मौजूद है। जरूरत धैर्य, संतुलित नीतियों और सामूहिक सहयोग की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि वैश्विक हालात जल्द सुधरेंगे, ऊर्जा आपूर्ति सामान्य होगी और महंगाई का दबाव धीरे-धीरे कम होगा। महंगाई की यह आहट आने वाले कठिन दौर का संकेत जरूर है, लेकिन यदि सरकार दूरदर्शिता और जनता संयम के साथ काम करे, तो यह कोहरा भी एक दिन छंट जाएगा और अर्थव्यवस्था फिर से स्थिरता की राह पर लौटेगी।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती महंगाई और घटती विकास दर

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल- डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इनके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

इस बढ़ती हुई महंगाई से जहां आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं अर्थव्यवस्था की विकास रफ्तार धीमी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। ऐसे में पश्चिम एशियाई संकट के कारण नागरिकों को यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वे जहां तक संभव हो, मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इलेक्ट्रिक कारों और कार पूलिंग को प्राथमिकता दें। साथ ही कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग्स को बढ़ावा दें। देश और दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट के झटकों और वैश्विक अनिश्चितता के लिए खुद को तैयार रखने संबंधी टिप्पणियां करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई का दबाव बढ़ने पर अब नीतिगत रेपो रेट में वृद्धि की कार्रवाई की जानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि घटती हुई विकास दर के बीच भी भारत की कई आर्थिक अनुकूलताएं भी दिखाई दे रही हैं। भारत लगातार व्यापार समझौतों के माध्यम से निर्यात बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। राजनीतिक स्थिरता के परिदृश्य से भारत पर दुनिया का आर्थिक भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब भारत में देशी-विदेशी निवेश बढ़ने के साथ विदेश व्यापार और सेवा निर्यात का ग्राफ भी बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा। इस समय भारत के द्वारा विकास दर की चुनौती का सामना करने के लिए एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है। इसके मद्देनजर निर्यातकों को कम या शून्य का लाभ देने के साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के विकसित और विकासशील देश भारत के साथ कारोबार बढ़ाने के मद्देनजर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क (जीरो ड्यूटी) सुनिश्चित की गई है। भारत भी न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क



समाप्त करेगा या कम करेगा। इस एफटीए से अगले 5 वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने में मदद मिलेगी। साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के एफडीआई की प्रतिबद्धता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। ये दोनों एफटीए भारत से निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने वाले साबित हो सकते हैं। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए एफटीए का क्रियान्वयन भी भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद होगा। इस एफटीए से दो अरब लोगों का विशाल बाजार बनेगा। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। इस समय मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इजराइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। यह बात ध्यान रखनी होगी कि अभी अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में जल्दबाजी न की जाए। भारत को अमेरिका के अधिक स्थिर और कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार प्रणाली विकसित करने तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर अंतिम फैसले को लेकर इंतजार करना चाहिए। यह बात अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि भारत के द्वारा जितनी कुशलता से व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया जाएगा, उतने ही अधिक भारत से निर्यात बढ़ सकेंगे। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विकास दर बढ़ाने के लिए अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करना होगा। पिछले दिनों उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव ने कहा कि नीतिगत सुधारों और आपूर्ति शृंखला में बदलावों की मदद से वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आंकड़ा 90 अरब डॉलर के पार जा सकता है। ज्ञातव्य है कि 9 मई को उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक्ष व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) के अधीन काम करने वाली एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने कहा कि दुनिया के दस प्रमुख देश भारत में उद्योग-कारोबार के 10 प्रमुख क्षेत्रों में 45 अरब डॉलर के निवेश करने के इच्छुक हैं। ऐसी संभावनाओं को साकार करने के लिए भारत में बंदरगाह, एयरकार्गो, लॉजिस्टिक्स और अन्य निवेश सुविधाएं बेहतर बनाना होगी। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के बीच इस समय जब भारत की विकास दर घटते हुए दिखाई दे रही है, तब अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए हमें बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कई बातों पर ध्यान देना होगा। अब अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागने के बजाय, भारत को मध्यम अवधि की राजकोषीय और बाह्य स्थिरता को सुरक्षित रखना होगा। लंबित सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। अब भारत का ध्यान सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर होना चाहिए। एआई जैसे उच्च-स्तरीय क्षेत्रों में निवेश, मजबूत डिजिटल अधोसंरचना, और नियामक बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों के माध्यम से आसान बनाना होगा, जो सीमाओं के पार सेवा निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकें। इस बात की ओर भी ध्यान देना होगा कि भारत का जो निर्यात कुछ ही बाजारों और कुछ ही देशों तक सीमित है, उसे विभिन्न वस्तुओं और अधिक देशों तक विस्तारित किया जाए। इन सबके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सियासत
योगेश कुमार सोनी




# आम आदमी पार्टी को पुनः स्थापित होने की जरूरत

बीते दिनों आम आदमी पार्टी में आए भूचाल से अंदरूनी खाने पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर पड़ी है। पार्टी के 7 राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। यह घटना आप के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। राज्यसभा में पार्टी के 10 में से केवल 3 सदस्य ही रह गए हैं। यह विषय एक बारगी देशभर में सुर्खियां बन गया था, लेकिन बीते दिनों पांच राज्यों के चुनाव में दब गया। अब फिर इस घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरू हो गई है। मौजूदा स्थिति में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की नींव पूरी तरह हिल चुकी है। जैसा कि सब जानते हैं कि आप की सत्ता का रास्ता दिल्ली से निकला था, उसके बाद उसने देशभर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी और पंजाब का भी किला फतह किया था। जिस स्तर से पार्टी की रफ्तार पकड़ी थी, उससे बहुत कुछ बड़ा हो रहा था और आगे भी भविष्य सुगम नजर आ रहा था, लेकिन भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि तीन तिहाई सांसद एक साथ दूसरी पार्टी में चले गए। कानून के अनुसार यदि कोई निर्वाचित सांसद स्वेच्छा से अपनी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता छोड़ता है या किसी दूसरी पार्टी में शामिल होता है तो वह सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है। 'स्वेच्छा से सदस्यता छोड़ने' का मतलब सिर्फ इस्तीफा देना ही नहीं, बल्कि दूसरी पार्टी जॉइन करना भी इसी कैटेगरी में आता है। दिल्ली के परिवेश में समझें तो दशकभर राजधानी में राज करके आज आम आदमी पार्टी विपक्ष का किरदार निभा रही है। अब आप की इस स्थिति के बाद जो सांसद विपक्ष में बैठकर पार्टी की आवाज उठाते थे, आज वो बीजेपी के समर्थन में बोल रहे हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि पार्टी चाहे इस पर कुछ भी सफाई दे, लेकिन आंतरिक तौर पर स्थिति कमजोर पड़ गई। इससे अब दिल्ली की राह भी कठिन बन गई है। अगले साल पंजाब में भी विधानसभा चुनाव हैं, इसको भी लेकर पार्टी की चिंता बढ़ी हुई है। बागी सांसदों ने आप का साथ तो छोड़ा ही, लेकिन तुरंत बीजेपी भी ज्वाइन कर पार्टी के अस्तित्व को झकझोर कर रख दिया। इस वजह से जो पार्टी अपनी आक्रामक शैली से चुनाव लड़ने के लिए जानी जाती थी, आज वह बेहद कमजोर सी महसूस कर रही होगी। राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रमजीत साहनी संसद में रचनात्मक तरीके से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते रहे हैं। अब यह सारी आवाजें विपरीत दिशा के साथ निकल रही हैं अर्थात जो सत्ता पक्ष के विपरीत मुखर होते थे, आज वह उनका ही समर्थन कर रहे हैं। भारतीय राजनीति में ऐसी बगावत नई नहीं है लेकिन सवाल है कि जिस पार्टी को स्थापित हुए अभी डेढ़ दशक भी नहीं हुआ, उसके महत्वपूर्ण नेता आखिर दामन क्यों छोड़ते जा रहे हैं? राघव चड्ढा, संदीप पाठक तो पार्टी के शुरुआती दिनों से रणनीतिकार और संगठक रहे हैं। दोनों केजरीवाल के नजदीक भी माने जाते रहे। स्वाति मालीवाल का दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के तौर पर कार्यक्षेत्र तो दिल्ली था पर, बीजेपी शासित राज्यों में हुए कथित महिला अत्याचारों की जांच के लिए भी वह पहुंचती थीं। अब वे भी बगावती हैं। बहरहाल, कई ऐसे मुद्दे हैं जो विधानसभा से ज्यादा लोकसभा में ज्यादा प्रभावी माने जाते हैं जिससे किसी भी राज्य की केन्द्रीय स्तर की समस्या या सुझाव को राष्ट्रीय स्तर समझा जाता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब आम आदमी पार्टी को बड़े नाम छोड़कर निकले हों। पार्टी के संस्थापकों में शामिल रहे योगेंद्र यादव और मशहूर वकील प्रशांत भूषण को शुरू में ही निकल गए थे। अन्ना आंदोलन में अरविंद केजरीवाल के साथ रहीं पूर्व पुलिस अधिकारी किरण बेदी ने अलग राह चुनी। जेएनयू के प्रोफेसर रहे आनंद कुमार और कैलाश गहलोत समेत कई अलग हो गए। कुमार विश्वास ने पार्टी से दूर रहकर अपनी कवि रूप में पहचान बनाए रखना ही सही समझा। संजय सिंह ने पहले भी बागियों के कडे.शब्दों का प्रयोग किया था और इन सातों सांसदों ने पंजाब की पीठ में छुरा घोंपने जैसा काम किया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे एक अच्छी सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहे हैं। इन सब प्रकरण के बाद दिल्ली की राह को लेकर विश्वास को बनाए रखने के लिए कितनी चुनौतियां सामने आ चुकी इसको केजरीवाल भलिभांति समझ तो रहे हैं लेकिन हालात को लेकर अब वो इससे कैसे निकलें इसकी रणनीति बेहद गंभीरता से बनानी होगी चूंकि दिल्ली में उनका वोट ऑफ प्रतिशत ठीक है। भले ही वो चुनाव हारे हो, समीकरणों के आधार पर यह तो तय हो जाता है कि अब पार्टी को पुनः स्थापित होने के लिए फिर से नई रणनीति की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की साख पर सवाल

देश में हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में करीब 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इन विद्यार्थियों ने डॉक्टर बनने का सपना साकार करने के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया, घर-परिवार से दूर रहकर दिन-रात पढ़ाई की और अपने भविष्य को संवारने के लिए हरसंभव त्याग किया। लेकिन परीक्षा समाप्त होते ही पेपर लीक की खबरों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। जांच एजेंसियों के लगातार खुलासों से यह स्पष्ट हो गया कि प्रश्नपत्र बड़े पैमाने पर और सुनियोजित तरीके से लीक किए गए थे।

**- सांकेत जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### ज्ञान जीवन की पूंजी

ज्ञान जीवन की ऐसी पूंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। ज्ञान हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर सफलता और आत्मविश्वास की ओर ले जाता है। विद्वान की विश्व में प्रशंसा होती है, विद्वान का सर्वत्र सम्मान होता है।

**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



### सुखदेव की जयंती

अमर क्रांतिकारी सुखदेव की जयंती पर मैं उन्हें नमन अर्पित करता हूं। अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक सुखदेव ने अपना पूरा जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया, स्वतंत्रता को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया।

**- अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



### डॉ. केतन को नमन

गोवा से हमारे युवा कांग्रेस नेता डॉ. केतन भाटिकर के असामयिक निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वे एक प्रख्यात फिजियोथेरेपिस्ट थे, जिन्होंने निष्ठा और दृढ़ विश्वास के साथ जनता की सेवा की। उनके परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

**- राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



### प्रबुद्ध समाज का सम्मान

भारत ने हमेशा अपने प्रबुद्ध समाज का सम्मान किया है। देश, समय और परिस्थितियों के अनुरूप समाज को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में हमारे प्रबुद्ध नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**- योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र



## करंट अफेयर

# हंता वायरस प्रभावित छह यात्री आस्ट्रेलिया पहुंचे

हंता वायरस की चपेट में आए एक क्रूज जहाज के छह यात्री शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे, जहां उन्हें कम से कम तीन सप्ताह तक पृथक-वास में रहना होगा। नीदरलैंड से इन्हें लेकर आया 'गल्फस्ट्रीम लॉन्ग-रेंज बिजनेस जेट' पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की राजधानी पर्थ के बाहर स्थित 'आरएएफ बेस पियर्स' पर उतरा। यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को नजदीकी 'बुल्सब्रुक' पृथक-वास केंद्र में स्थानांतरित किया जाना था। ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सरकार इस वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए दुनिया के किसी भी हिस्से की तुलना में सबसे मजबूत पृथक-वास व्यवस्थाओं में से एक लागू करेगी। पांच ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के एक नागरिक को इस केंद्र में तीन सप्ताह की पृथक-वास अवधि बितानी होगी। बटलर ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार इस वायरस के लक्षण सामने आने में 42 दिन तक का समय लग सकता है। इसलिए, तीन सप्ताह के पृथक-वास के बाद शेष दिनों के दौरान क्या सावधानियां बरती जाएं, इस पर अभी निर्णय लिया जाना बाकी है। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, नीदरलैंड से रवाना होने से पहले इन सभी छह यात्रियों की वायरस जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी और किसी में भी इसके लक्षण नहीं दिखे थे।



## ऑफ बीट

# अब वेबसाइटें बार-बार क्यों मांगती है कैप्चा

आप किसी लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम के टिकट बुक करने की कोशिश कर रहे हैं और लिंक पर क्लिक करते ही भुगतान से पहले आपसे छोटे-छोटे धुंधले चित्रों के समूह में ट्रैफिक लाइट, साइकिल या ज़ेब्रा क्रॉसिंग पहचानने को कहा जाता है। बहुत से लोगों के लिए यह अब रोजमर्रा की ऑनलाइन जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। वित्तीय ऐप में लॉग इन करना, ऑनलाइन खरीदारी करना या नया खाता बनाना अब अक्सर ' 'यह साबित करने' ' से जुड़ गया है कि आप मानव हैं। इन प्रणालियों को 'कैप्चा' (सीएपीटीसीएचए) कहा जाता है। सवाल यह है कि ये अब हर जगह क्यों दिखाई देने लगी हैं? इसका सीधा जवाब यह है कि वेबसाइटें अब बॉट्स के खिलाफ तेजी से बढ़ती जंग लड़ रही हैं। बॉट ऐसे स्वचालित सॉफ्टवेयर होते हैं जो इंटरनेट पर मनुष्यों जैसा व्यवहार करने की कोशिश करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में प्रगति के कारण ये बॉट अब पहले से कहीं अधिक स्मार्ट, सस्ते और पहचान में मुश्किल हो गए हैं। वेबसाइटों को क्यों चाहिए यह सबूत कि आप मानव हैं: आज इंटरनेट पर होने वाले भारी ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा स्वचालित प्रणालियों से संबद्ध है। इनमें कुछ उपयोगी होते हैं, जैसे गूगल सर्च के लिए पेजों को सूचीबद्ध करने वाले सर्च इंजन क्रॉलर।




## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



## खौफनाक साजिश

मंजू की एक बच्ची हुई थी, लेकिन रवि इस बच्ची को नहीं चाहता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। आखिरकार तंग आकर उसने मंजू को मारने की साजिश र ची।रवि शर्मा को जब भिलाई लाकर पुलिस ने पूछताछ की, इसके बाद पूरा सच सामने आया है। रवि ने पुलिस को बताया कि वह पहले से शादीशुदा था और उसकी पहली पत्नी और बच्चे राउरकेला में रहते थे। भिलाई में उसने मंजू से दूसरी शादी कर ली थी। मंजू ने डेढ़ महीने पहले बच्ची को जन्म दिया था, लेकिन रवि यह बच्चा नहीं चाहता था।

# मां-बेटी की हत्या कर खुद को मुर्दा साबित करने बेकसूर को उतारा मौत के घाट

भिलाई से जेएम तांडी

छह साल पहले पारिजात कालोनी तालपुरी के एक कमरे में तीन लोगों की लाश जली हालत में मिली थी। यह जिले का चर्चित ट्रिपल हत्याकांड 20 जनवरी 2020 की सुबह हुआ था। तत्कालीन थाना प्रभारी रहे सुरेश ध्रुव समेत पुलिस टीम तालपुरी के मकान में पहुंचे। मकान से पुलिस को एक महिला, युवक और डेढ़ माह की बच्ची का शव जले हालत में बरामद किया था। पुलिस के मुताबिक कमरे से मंजू शर्मा की अधजली लाश बिस्तर पर पड़ी थी। उसके हाथ-पैर और मुंह टेप से बंधे हुए थे। पास में डेढ़ माह की बच्ची भी मृत अवस्था में मिली। बिस्तर के नीचे युवक का शव भी पड़ा मिला। जिसका चेहरा भी टेप से ढंका हुआ था और शरीर का हिस्सा जला हुआ था। पहले ऐसा लगा कि तीसरा शव ग्राम अईमा खीजर सराय गया, बिहार निवासी रवि शर्मा का है, लेकिन जांच में पता चला कि लाश किसी अज्ञात व्यक्ति की है। यहीं से पुलिस की शक की सुई कुछ और बयां कर रही थी। मंजू के मोबाइल से सुबह करीब 5:35 बजे उसकी मां कला सूर्यवंशी का फोन आया। फोन पर किसी ने कहा कि तुम्हारी बेटी और दामाद घर में जल रहे हैं, बचा सको तो बचा लो। इसके बाद फोन कट गया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो घर बाहर से बंद था, लेकिन अंदर से धुआं निकल रहा था। दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो नजारा देखकर सब हैरान रह गए। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी रवि शर्मा पहले से शादीशुदा था और उसकी पहली पत्नी और बच्चे राउरकेला में रहते हैं। भिलाई में रवि मंजू से दूसरी शादी कर ली थी। मंजू की एक बच्ची हुई थी, लेकिन रवि इस बच्ची को नहीं चाहता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। आखिरकार तंग आकर उसने मंजू को मारने की साजिश रची। रवि शर्मा को जब भिलाई लाकर पुलिस ने पूछताछ की, इसके बाद पूरा सच सामने आया है। रवि ने पुलिस को बताया कि वह पहले से शादीशुदा था और उसकी पहली पत्नी और बच्चे राउरकेला में रहते थे। भिलाई में उसने मंजू से दूसरी शादी कर ली थी। मंजू ने डेढ़ महीने पहले बच्ची को जन्म दिया था, लेकिन रवि यह बच्चा नहीं चाहता था। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर झगड़े होते थे। परेशान होकर उसने मंजू को मारने का प्लान तैयार किया।

- ट्रिपल हत्याकांड में आरोपी को फांसी की सजा
- घटना पारिजात कालोनी तालपुरी में 2020 की
- सीसी फुटेज से मिली पुलिस को सफलता

### रवि को न्यायालय ने सुनाई मौत की सजा

पुलिस ने सीसीटीवी और अन्य सुरागों के आधार पर पता लगा लिया था कि तीनों हत्या के पीछे रवि शर्मा का ही हाथ था। जांच के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल्स, इस्तेमाल किए गए सामान और दवाइयों की जांच, सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान जैसे अहम सबूत सामने आए। इन सभी सबूतों के आधार पर दुर्ग न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने आरोपी को हत्याकांड के लिए मौत की सजा सुनाई। दुर्ग न्यायालय में शासकीय वकील भावेश कटरे ने पैरवी की। भिलाई नगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेश कुमार ध्रुव ने जांच पूरी कर आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया था।



### पुलिस को गुमराह करने चॉक से लिखा था मंजू बेवफा

भिलाई नगर पुलिस के मुताबिक घटनास्थल पर बेडरूम के दरवाजे पर चॉक से लिखा मिला कि मंजू बेवफा थी, इसलिए मजबूरी में उसे, उसके पति और बच्चे को मारना पड़ा। नीचे संजय देवांगन आर्मी लिखा था। यह लिखावट भी पुलिस को गुमराह करने वाली थी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि घटना से एक दिन पहले रवि एक अज्ञात युवक को स्कूटी से अपने घर लेकर आया था। वहीं घटना के बाद तड़के वह अकेले स्कूटी से निकलते दिखा। इससे साफ हो गया कि आरोपी रवि ही है। मोबाइल कॉल ट्रेस करने पर पता चला कि मंजू की मां को फोन रायपुर रेलवे स्टेशन से किया गया था। पुलिस का संदेह था कि आरोपी भागकर ओडिशा के राउरकेला जा सकता है। जहां उसकी पहली पत्नी और बच्चे रहते थे। सूचना के आधार पर रेलवे पुलिस ने उसे राउरकेला स्टेशन पर पकड़ लिया।

### प्लान ऐसे किया था तैयार

जांच में खुलासा हुआ कि रवि ने पहले से ही साजिश रची थी कि वह अपनी पत्नी और बच्ची को मार देगा। इसके बाद खुद को मृत साबित करेगा। इसके लिए उसे अपने जैसे कद-काठी के व्यक्ति की जरूरत थी। वह एक मानसिक रूप से कमजोर युवक को शराब का लालच देकर तालपुरी घर ले आया। उसने शराब में नींद की गोलियां मिलाकर युवक को पिला दी। जब वह बेहोश हो गया तो हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी। टेप से मुंह-हाथ बांध दिए। इसके बाद उसने मंजू को भी नींद की दवा देकर सुला दिया, उसे भी गला घोंटकर मार डाला। आखिर में उसने अपनी मासूम बच्ची को भी नहीं छोड़ा और उसकी भी हत्या कर दी।





### सबूत मिटाने की कोशिश

पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद उसने सबूत मिटाने के लिए युवक के शव को जलाने की कोशिश की। गैस सिलेंडर को इस तरह सेट किया कि आग लगने पर ब्लास्ट हो जाए। सब कुछ जलकर खत्म हो जाए। लेकिन गैस सही तरीके से नहीं फैल पाई और आरोपी रवि का पूरा प्लान फेल हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हथौड़ा, टेप, मोबाइल, स्कूटी, दवाइयों के रैपर जब्त किए। हस्तलेख विशेषज्ञ से जांच में यह भी साबित हो गया कि दीवार पर लिखी बात आरोपी ने ही लिखी थी। इस पूरे मामले में शासकीय वकील भावेश कटरे ने पैरवी की। वहीं तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेश कुमार ध्रुव ने जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। कोर्ट ने सभी पहलुओं को देखते हुए इसे दुर्लभतम मामलों में शामिल माना और आरोपी को फांसी की सजा सुनाई।

---

आंगन में खून से लथपथ पति-पत्नी की लाश पड़ी हुई थी। भयावह हालात को देखकर गांव के लोग घबराए हुए थे। वहीं, उन्होंने एक युवक को घर के पीछे रास्ता से भागते देखा। तब ग्रामीणों ने घेरा बनाकर उस युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया।



सड़क अतरिया से दामोदर वैष्णव

आंगन में मिली खून से लथपथ पति-पत्नी की लाश

## इंसानियत शर्मसार

# उधार में दिए 10,000 को वापस मांगना पड़ा महंगा गंवानी पड़ी जान



खैरागढ़ जिले के गंड़ई थाना अंतर्गत ग्राम सड़क अतरिया में 11 अक्टूबर 2025 की तड़के सुबह घटित वह वारदात जिसने पूरे क्षेत्र को झंकझोर दिया था। करवा चौथ की वह सुबह, जिसने सुनीति बाई के सपनों को चकनाचूर कर उसे और उसके पति बाबूलाल सोरी जो पेशे से शिक्षक था, को हमेशा के लिए गहरी नींद में सुला दिया। घटना के बाद गांव में दहशत इस कदर थी, कि शाम होते ही घर के दरवाजा बंद और गलियां सुनी हो जाती थी। घटना में गांव के ही एक युवक ने दस हजार रकम के लिए शिक्षक और उसके पत्नी को लकड़ी के बत्ते से ताबातोड़ वार करते हुए मौत के घाट उतार दिया था।

10 अक्टूबर दिन शुक्रवार की सुबह लगभग 4.30 से 5.00 बजे शिक्षक बाबूलाल सोरी के घर से कुछ गिरने पटकने की आवाज लगातार आ रही थी। जिसे सुनकर कुछ ग्रामीण उसके घर के पास पहुंचे। घर में चारों तरफ अंधेरा छाया हुआ था। तब मौके पर मौजूद लोग उन्हे फोन किया, लेकिन फोन किसी ने नहीं उठाया। तब ग्रामीण गहरी आशंका व्यक्त कर शिक्षक के घर अहाता से अंदर घुसे तो दंग रह गए। आंगन में खून से लथपथ दंपति पड़े हुए थे। वहीं, एक युवक को घर के पीछे रास्ता से भागते देखा। तब ग्रामीणों ने घेरा बनाकर उस युवक को दौड़ाकर पकड़ा। जिसके बाद उसे उक्त घटना स्थल पर ले आए। घर में दंपति का शव खून से लथपथ पड़ा था। बाबूलाल सोरी (55) का शव बरामदा में तो सुनीति बाई बाई (50) का शव आंगन में पड़ा था। बाबूलाल सोरी सरकारी स्कूल भदेरा में शिक्षक थे। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद पुलिस के आला अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। इसके बाद संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी। वहीं डॉगक स्क्वाड एवं फॉरेन्सिक एक्सपर्ट की भी मदद ली गई।



### पहले से थी घटना की आशंका

शिक्षक बाबूलाल जंघेल को ऐसी किसी घटना होने का पहले से आशंका था। बीते डेढ़ साल में उसके घर में तीन दफा चोरी हो चुकी थी। जिसकी रिपोर्ट उसने थाने में की थी। एक दफा चोर ने उसके घर के दरवाजे, पलंग में करंट लगाकर चोरी का प्रयास किया था। उस घटना में शिक्षक की जान जाते जाते बची थी। मृतक चोर को पकडने लगातार पुलिस को गुहार लगा रहा था। उसने इसी वजह से घर में सीसीटीवी लगा रखा था, ताकि सावधानी रखी जा सके।



### लकड़ी के बत्ता से पीट पीटकर मार डाला

आरोपी युवक, शिक्षक को हमेशा के लिए गहरी नींद में सुलाने की नीयत से उसके घर घुसा था। उसने कमरे से बाहर निकली सुनीति बाई पर पहले वार किया। उसकी चीख-पुकार सुनकर जब बाबूलाल कमरे से बाहर निकला, तो युवक उस पर भी टूट पड़ा। आरोपी युवक ने दंपति को मारने के लिए एक लकड़ी के बत्ते का सहारा लिया था। बत्ते से दोनों पति पत्नी के सिर पर एक ही जगह लगातार वार करने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### वारदात के समय घर की बिजली थी बंद

मृतक शिक्षक ने अपने घर में सीसीटीवी कैमरा लगाया हुआ था, लेकिन घटना के समय मृतक के घर की बिजली बंद थी, जबकि मोहल्ला में सभी के घर बिजली थी। आरोपी ने शिक्षक के घर में घुसने से पहले उसके घर कि बिजली बंद कर दी थी, ताकि कैमरे में उसकी करतूत न दिख सके। मृतक के तीन लड़की और दो लड़के हैं। तीनों लड़की की शादी हो गई है, जबकि उसके दोनों लड़के पढ़ाई के लिए गांव से बाहर थे। घटना के समय घर में पति पत्नी ही थे।

### दस हजार उधार मांगने पर हत्या

इस डबल मर्डर के संदेही भगवती मरकाम से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल लिया। इस दौरान उसने बताया कि उसने बाबूलाल से दस हजार रुपए उधार लिए थे। जिसे नहीं दे सकने पर वाद विवाद और अपमान जनक बातें आरोपी को बोलता था। इसी रंजिश को लेकर आरोपी बाबूलाल को मारने की नीयत से गया था, लेकिन उसकी पत्नी के पहले उठ जाने से उसने दोनों की हत्या कर दी। आरोपी को गंड़ई थाना में पंजीबद्ध अपराध 356/2025 धारा 103(1) बीएनएस में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

---

67 साल के एक वृद्ध को नातिन की उम्र की महिला से इश्क हो गया। अपने जीवन की ढलती उम्र में वृद्ध अपनी युवा प्रेमिका के मोहजाल में इस कदर पड़ गया कि उसे अपने सिवाए प्रेमिका के किसी और व्यक्ति से मिलना जुलना या बात करना किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं था। इसी अंधे प्यार के चलते वृद्ध ने चरित्र पर संदेह कर प्रेमिका को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया।

## गुनाह का बुजुर्ग चेहरा




धमतरी से संतोष सोनकर

# ढलती उम्र में प्यार का खूनी अंजाम वृद्ध ने ली प्रेमिका की जान

67 साल के एक वृद्ध को नातिन की उम्र की महिला से इश्क हो गया। अपने जीवन की ढलती उम्र में वृद्ध अपनी युवा प्रेमिका के मोहजाल में इस कदर पड़ गया कि उसे अपने सिवाए प्रेमिका के किसी और व्यक्ति से मिलना जुलना या बात करना किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं था। इसी अंधे प्यार के चलते वृद्ध ने चरित्र पर संदेह कर प्रेमिका को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया।

यह घटना मगरलोड थाना क्षेत्र के बड़ी करेली पुलिस चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम हसदा की है। 23 अगस्त 2025 को अंचल में बड़ी धूमधाम से पोला का त्योहार मनाया जा रहा था। ग्राम हसदा में भी ग्रामीण पोला त्योहार मनाने में व्यस्त थे। इसी बीच 23 अगस्त की रात्रि गांव में स्थित यात्री प्रतीक्षालय के सामने महिला पुष्पा मारकंडे (30) पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर देने की सनसनीखेज घटना हुई। यही नहीं, आरोपी ने महिला को चाकू से गोदने के बाद उसके तीन वर्ष के बेटे पर हमलाकर उसकी भी हत्या करने का प्रयास किया। आरोपी के हमले से बच्चा घायल हुआ। खून से लथपथ महिला को यात्री प्रतीक्षालय के पास मरता छोड़ आरोपी रात के अंधेरे में मौके से भाग गया। जैसे ही गांव वालों को हत्याकांड की जानकारी हुई, उनके त्योहार की उमंग ठंडी पड़ गई। देखते ही देखते यात्री प्रतीक्षालय के पास ग्रामीणों की भीड़ लग गई। महिला की पहचान गांव की पुष्पा मारकंडे के तौर पर होने के बाद उसके भाई ने करेली बड़ी पुलिस चौकी जाकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी।

- प्रेमिका का किसी और से संबंध होने का संदेह बर्दाश्त नहीं कर पाया

### किसी और व्यक्ति से बातचीत करना मंजूर नहीं

मामले की पड़ताल के दौरान हत्या का कारण तथा कातिल का नाम सुन लोगों की आंखें फटी की फटी रह गईं। पुलिस ने महिला की हत्या करने वाले गांव के ही 67 साल के जगन्नाथ जांगड़े पिता करिया जांगड़े को पकड़ पूछताछ की। इस दौरान अजीबोगरीब प्रेम कहानी सामने आई। 67 वर्षीय जगन्नाथ जांगड़े का मृतिका पुष्पा मारकंडे (30) का प्रेम प्रसंग था। प्यार में अंधा बने आरोपी को उक्त महिला का किसी और व्यक्ति से बातचीत करना मंजूर नहीं था। आरोपी वृद्ध महिला का किसी और व्यक्ति से संबंध होने का शक करता था। इसी चरित्र संदेह के चलते आरोपी ने चाकू मारकर महिला की हत्या कर दी।

### महिला ने मदद मांगी तो बढ़ा ली नजदीकी

मृतिका पुष्पा मारकंडे का पति रामानुज मारकंडे किसी मामले में जेल में बंद था। उसके बाद से महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ रह रही थी। पति को जेल से छुड़वाने मृतिका ने गांव के जगन्नाथ जांगड़े से मदद मांगी। जगन्नाथ का मदद करने के साथ महिला से नजदीकी बढ़ाता चला गया और इश्क में पड़ गया। जिसकी कीमत महिला को जान देकर चुकानी पड़ी।

## केरल में फिर फंस गया पेंच

# सीएम पर सहमति के बाद शिक्षा मंत्रालय पर अड़ी इंडियन यूनि.मुस्लिम लीग

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



केरल में लेफ्ट गठबंधन को चुनाव हराकर सत्ता में आए यूडीएफ के 2 सबसे बड़े घटक दलों के बीच खींचतान खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस नीत यूडीएफ ने बहुमत हासिल किया मगर मुख्यमंत्री के नाम पर पार्टी में शक्ति परीक्षण होने लगा।

यह मामला पार्टी के अंदर तक सीमित रहता तो सामान्य लगता मगर सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने वीके सतीशन के पक्ष में झडा उठाकर मामले को नया रुख दे दिया। कांग्रेस आलाकमान ने जब सतीशन के नाम की घोषणा की तो कई विश्लेषकों ने इसके पीछे मुस्लिम लीग के दबाव को एक वजह माना। सीएम के चेहरे के साथअन्य मुद्दे पर मुस्लिम लीग कांग्रेस को संकट में डाल चुकी है।

### शिक्षा मंत्रालय पर नियंत्रण कोई नई बात नहीं

चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला होने से पहले ही मुस्लिम लीग ने राज्य के शिक्षा मंत्रालय पर अपना दावा ठोक दिया। मुस्लिम लीग के नेता खुलकर कह रहे हैं कि शिक्षा मंत्रालय उन्हीं के पास रहेगा। केरल के शिक्षा मंत्रालय पर मुस्लिम लीग का नियंत्रण नई बात नहीं है। पहली बार 1967 में मुस्लिम लीग के सीएच मोहम्मद कोया लेफ्ट फ्रंट नीत गठबंधन सरकार में राज्य के शिक्षा मंत्री बने थे। तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यह मंत्रालय दशकों तक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के पास बना रहेगा।

### मुस्लिम लीग को न दें यह विभाग: भाजपा




बदलते राजनीतिक गठबंधनों और वैचारिक संघर्षों के बावजूद इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने शिक्षा विभाग के साथ अपना मजबूत संबंध बनाए रखा है और केरल के शैक्षिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन साथ ही उसे राजनीतिक विरोधियों की आलोचनाओं का भी सामना किया है। इस बार भी चुनाव परिणाम आने के बाद जब मुस्लिम लीग ने शिक्षा मंत्रालय पर दावा किया तो भाजपा नेता और नवनिर्वाचित विधायक वी. मुरलीधरन ने कांग्रेस से आग्रह किया है कि वह इस विभाग को मुस्लिम लीग को न सौंपे। वहीं केरल के सभी मौलानाओं के संगठन 'समस्त केरल जमाएतुल उलमा' ने मुस्लिम लीग के दावे का समर्थन किया है।

---

आरजी कर मामले में जांच में लापरवाही का आरोप

# बंगाल सरकार ने 3 आईपीएस अधिकारियों को किया निलंबित, 2 की विभागीय जांच होगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले की जांच में लापरवाही के आरोप में बंगाल सरकार ने तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार इस मामले में कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और 2अन्य अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करेगी।इस मामले में तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अभिषेक गुप्ता और पुलिस उपायुक्त (मध्य) इंदिरा मुखर्जी को निलंबित किया है।

### ममता की भूमिका की भी होगी जांच



सुवेंदु ने नवान्न में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि मामले की फाइल दोबारा खोली जाएगी और तत्कालीन पुलिस अधिकारियों की भूमिका की विभागीय जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि उस समय की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की भूमिका की भी जांच के दायरे में समीक्षा की जाएगी।

### रचा इतिहास, बोस बने स्पीकर



बंगाल की राजनीति में शुक्रवार को एक नया इतिहास लिखा गया, जब रथिंद्र बोस को विधानसभा का नया स्पीकर चुना गया। बोस पहली बार विधायक बने हैं और पहली बार ही विधानसभा पहुंचते ही उन्हें सदन की सबसे बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी सौंप दी गई।

### पीएम मोदी के सलाहकार सान्याल होंगे वित्त मंत्री!



चर्चा है कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल को बंगाल का नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है। भाजपा उन्हें नंदीग्राम से चुनावी मैदान में भी उतार सकती है। वर्तमान में संजीव प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अहम सदस्य हैं। यह परिषद पीएम को आर्थिक और उससे जुड़े दूसरे मामलों पर सलाह देने वाली एक स्वतंत्र, गैर-संवैधानिक और स्थायी निकाय है।

---

# अग्निवीरों को सामान्य सैनिकों की तरह नहीं मिल सकती पेंशन

एजेंसी ▶▶ मुंबई



मिचेल मार्श की 90 रन की तूफानी पारी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 20 गेंद शेष रहते 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका दिया। सुपर किंग्स को 5 विकेट पर 187 रन पर रोकने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सुपर जायंट्स ने 16.4 ओवर में 3 विकेट पर 188 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और सुपर किंग्स के नेट रनरेट को भी बड़ा झटका दिया। सुपर किंग्स की यह 12 मैचों में छठी हार है, लेकिन टीम का नेट रनरेट 0.185 से गिरकर 0.027 हो गया और टीम तालिका में पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई।

मार्श ने 38 गेंदों की पारी में 9 चौके और 7 छक्के लगाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए जोश इंग्लिश (35) के साथ महज 70 गेंदों में 135 रन की साझेदारी कर मैच को शुरुआत में ही सुपर किंग्स की पकड़ से दूर कर दिया। मार्श और निकोल्स पूरन (17 गेंदों में नाबाद 32 रन) ने अंशुल कंबोज के एक ओवर में चार-चार छक्के जड़े। कंबोज ने 2.4 ओवर में 63 रन दिए। मार्श की इस आक्रामक पारी ने सुपर किंग्स के कार्तिक शर्मा की बेहतरीन पारी को फीका कर दिया।



### मार्श ने मारे बैक टू बैक 4 छक्के

पारी का पांचवां ओवर लेकर आए सीएसके के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज के लिए मिचेल मार्श किसी काल की तरह साबित हुए। मार्श ने कंबोज की पहली गेंद पर कवर्स के ऊपर से छक्का जड़ा। इसके बाद अगली ही गेंद पर उन्होंने बैकफुट पर जाकर डीप मिड-विकेट के ऊपर से दूसरा गगनचुंबी छक्का दे मारा। मार्श यहीं नहीं रुके तीसरी गेंद पर उन्होंने लेंथ बॉल को भांपते हुए डीप स्क्वायर लेग पर छक्कों की हैट्रिक पूरी की। चौथी गेंद पर कंबोज ने फिर शॉर्ट गेंद फेंकी और मार्श ने लगातार चौथा छक्का जड़कर तहलका मचा दिया।

### आकाश का पर्ची वाला सेलिब्रेशन

रुतुराज गायकवाड़ का बड़ा विकेट लेने के बाद युवा गेंदबाज आकाश सिंह ने मैदान पर बेहद अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। विकेट चटकाते ही उन्होंने अपनी जेब से एक हाथ से लिखी हुई पर्ची निकाली और उसे हवा में लहराते हुए पूरे स्टेडियम को दिखाया। आकाश का यह मजेदार और अलग तरीके का सेलिब्रेशन सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो गया। उस पर्ची पर लिखा हुआ था, 'अक्की ऑन फायर, टी20 मैच में आकाश को विकेट लेना आता है।'

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का चौधरी बो आकाश सिंह | 20 | 20 | 3 | 0 |
| गायकवाड़ का पूरन बो आकाश सिंह | 13 | 9 | 2 | 0 |
| उर्विल का मार्श बो आकाश सिंह | 06 | 7 | 1 | 0 |
| कार्तिक का मारक्रम बो शाहबाज | 71 | 42 | 6 | 5 |
| ब्रेविस का आकाश सिंह बो शमी | 25 | 16 | 0 | 2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 32 | 16 | 3 | 2 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 13 | 10 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 07
कुल : 20 ओवर में 187/5 रन
गेंदबाजी : शमी 4-0-41-1, आकाश सिंह 4-0-26-3, प्रिंस यादव 4-0-49-0, मयंक यादव 4-0-26-0, शाहबाज अहमद 4-0-45-1

| लखनऊ सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श रन आउट | 90 | 38 | 9 | 7 |
| जोश इंग्लिश का उर्विल बो मुकेश | 36 | 32 | 3 | 1 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 32 | 17 | 1 | 4 |
| अब्दुल समद बो जॉनसन | 07 | 3 | 0 | 1 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 13 | 10 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 10
कुल योग: 16.4 ओवर में 188/3 रन
गेंदबाजी: मुकेश 3-0-24-1, जॉनसन 4-0-39-1, कंबोज 2.4-0-63-0, नूर 4-0-21-0, गुरजपनीत 3-0-34-0

## खबर संक्षेप



### बिना एक भी मैच खेले स्वदेश लौटे रचिन

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे की तैयारियां शुरू करने के लिए आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। केकेआर ने बताया, 'रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे के लिए अपनी टेस्ट क्रिकेट की तैयारियां शुरू करने के लिए घर लौट गए हैं।' केकेआर की टीम शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी। आईपीएल की नीलामी में केकेआर ने दो करोड़ रुपए के बेस प्राइस में रविंद्र को खरीदा था, इस तरह वह इस सत्र में अपनी नई फ्रेंचाइजी के लिए एक भी मैच खेले बिना ही घर लौट गए। केकेआर ने मुख्य ऑलराउंडर के तौर पर बड़े नाम वाले खिलाड़ी कैमरुन ग्रीन को प्राथमिकता दी।

### इटैलियन ओपन

# एलिना की फाइनल में एंट्री, इगा को हराया



एजेंसी ▶▶| रोम

दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना ने इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में तीन बार की विजेता इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। स्वितोलिना 2017-18 में लगातार दो ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार फाइनल मैच में पहुंची हैं। खिताबी मुकाबले में स्वितोलिना का सामना कोको गॉफ से होगा। स्वितोलिना तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम करना चाहेंगी, तो गॉफ की निगाहें पहली बार इस ट्रॉफी को उठाने पर होंगी। इसके साथ ही, दोनों खिलाड़ी सीजन का अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने की कोशिश भी करेंगी। स्वितोलिना इस साल गॉफ को दो बार हरा चुकी हैं, और वह अपने इस शानदार रिकॉर्ड को फाइनल में भी कायम रखना चाहेंगी।

### फाइनल में पहुंचना शानदार एहसास : स्वितोलिना

एलिना स्वितोलिना ने स्वियातेक को 2 घंटे 14 मिनट में हराने के बाद कहा, इतने सालों बाद फिर से फाइनल में होना बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करके इस तरीके से फाइनल में पहुंचना शानदार एहसास है।

## थाईलैंड ओपन: सिंधू और लक्ष्य बाहर सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी

**बैंकॉक।** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू क्वार्टरफाइनल में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची के खिलाफ एक गेम की बढ़त गंवाकर हार गईं लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुषों की युगल जोड़ी थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गई। लक्ष्य सेन को पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल मैच में थाईलैंड के दूसरे वरीय खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू सुपर 500 टूर्नामेंट के एक घंटे से ज्यादा समय तक चले महिला एकल क्वार्टरफाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-19, 18-21, 15-21 से हार गईं। सात्विकसाईराज और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जापानी के ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की छठी वरीय जोड़ी को 21-12, 21-13 के शानदार स्कोर से हराकर सेमीफ़ाइनल में जगह बना ली। अब यह भारतीय जोड़ी अगले दौर में गोह जे फेई और नूर इजुद्दीन की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी।

## गुजरात और केकेआर की भिड़ंत आज

**कोलकाता।** लगभग एक महीने के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए शनिवार को आईपीएल के मैच में शीर्ष दो में जगह बनाने की कवायद में लगी गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। अनुभवी अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, जिससे उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठने लग गए हैं। केकेआर को मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत के लिए सातवें मैच तक इंतजार करना पड़ा था। मैच का समय शाम 7.30 बजे है।

## फुटबॉल विश्व कप: फ्रांस ने की 26 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| पेरिस



फ्रांस ने अगले महीने से शुरू होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है जिसमें स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबाप्पे की अगुवाई में मजबूत आक्रमण पंक्ति चुनी गई है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने बताया कि, जो टीम घोषित की उसमें गोलकीपर रॉबिन रिसर भी शामिल हैं, जिन्हें घरेलू लीग में अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। फ्रांस अपने तीसरे विश्व कप खिताब की कवायद में है। वह कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में भाग लेगा। फ्रांस को ग्रुप आई में सेनेगल, इराक और नॉर्वे के साथ रखा गया है।

## चेन्नई ने कुलदीप यादव और आरसीबी ने ग्लीसन को बीच टूर्नामेंट में किया शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने दिल्ली के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव को खलील अहमद की जगह टीम में शामिल किया जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल में नुवान तुषारा की जगह इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को टीम में लिया।

खलील और तुषारा दोनों ही चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। नुवाना तुषारा आरसीबी के लिए सीजन में एक भी मैच नहीं खेल पाए। तुषारा श्रीलंका क्रिकेट के जरूरी फिटनेस टेस्ट में फेल होने के बाद बाहर हो गए। जरूरी फिटनेस स्टैंडर्ड पूरे न कर पाने के कारण श्रीलंका क्रिकेट ने उन्हें एनओसी देने से मना कर दिया था। आरसीबी 12 मैचों से 16 अंक लेकर अंकतालिका में पहले स्थान पर है। जबकि सीएसके 11 मैचों से 12 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

### ग्लीसन 1.6 करोड़ में आरसीबी से जुड़ें

आईपीएल ने बताया कि कुलदीप 30 लाख रुपए में सीएसके से जुड़ेंगे जबकि ग्लीसन 1.6 करोड़ रुपए में आरसीबी से जुड़ेंगे। कुलदीप ने 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए अपना आईपीएल पदार्पण किया था और इस फ्रेंचाइजी के लिए तीन मैच खेले हैं। ग्लीसन ने इंग्लैंड के लिए छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 9 विकेट लिए हैं। उन्होंने लीग के 2024 और 2025 सत्र में सीएसके और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सीएसके के लिए दो मैच और मुंबई इंडियंस के लिए एक मैच खेला।

## 'दाई दाई' बनेगा विश्व कप एंथम

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

विश्व कप का आधिकारिक गीत घोषित कर दिया गया है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने कहा कि शकीरा और नाइजीरिया के गायक-गीतकार बर्ना बॉय ने मिलकर 'दाई दाई' गाना जारी किया है, जो उत्तरी अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट का आधिकारिक गीत होगा। फीफा ने कहा, 'दाई दाई फुटबॉल, संस्कृति और एकता का जीवंत नमूना है, जो शकीरा और बर्ना बॉय की विश्व भर में जानी पहचानी ओजभरी आवाज और ऊर्जा का शानदार मिश्रण है।'

### शकीरा ने किया था गीत का टीजर साझा

कोलंबिया की गायिका शकीरा ने मई की शुरुआत में इस गीत का एक मिनट लंबा टीजर क्लिप साझा करके सोशल मीडिया पर लिखा था, 'माराकाना स्टेडियम से पेश है 'दाई दाई', फीफा विश्व कप 2026 का आधिकारिक गीत।'' फीफा ने कहा कि



वह प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इस गाने से मिलने वाली रॉयल्टी का उपयोग फीफा वैश्विक नागरिक शिक्षा कोष की मदद के लिए करेगा। फीफा ने इसके साथ ही घोषणा की कि 19 जुलाई को न्यूजर्सी में होने वाले फाइनल के हाफटाइम के दौरान एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।


फॉर्म नंबर 4 (नियम 5 के उप नियम (2A) के अनुसार)

ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 5 के उपनियम (2A) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19(4) के अंतर्गत समन,

**ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर के समक्ष**

द्वितीय एवं तृतीय तल संचार विकास भवन, (बी.एस.एन.एल. बिल्डिंग) पोस्ट आफिस के पास, रेसिडेन्सी रोड, जबलपुर मध्यप्रदेश 482001

**प्रकरण संख्या 0.A 107/26**

समाचार पत्र प्रकाशन
केनरा बैंक, सुंदर नगर शाखा
विरूद्ध
श्री प्रकाश साहू

प्रति,
1. श्री प्रकाश साहू, पिता श्री मोहन साहू
2. श्रीमती नेहा साहू, पत्नी श्री प्रकाश साहू
दोनों निवासी: मकान क्रमांक 42, फेज-1 कॉलोनी, महादेव घाट पुल के पास, अमलेश्वर, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़- 491111

**समन/नोटिस**

जबकि, मूल आवेदन (0.A) संख्या 107/26 दिनांक 30.01.2026 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, तथा माननीय अधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 19(4) के अंतर्गत आपके विरूद्ध राशि Rs. 83,06,463.26/- (रूपये तिरासी लाख छह हजार चार सौ तिरसठ रूपये एवं छब्बीस पैसे मात्र) एवं व्यय तथा भविष्य के ब्याज सहित की वसूली हेतु यह समन जारी किया गया है।

अतः आपको निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है:
1. आप समन की तामील से 30 दिनों के भीतर कारण बताएं कि आवेदन में मांगी गई राहत क्यों न प्रदान की जाए।
2. आप अपने उन सभी संपत्तियों/आस्तियों का विवरण प्रस्तुत करें जो मूल आवेदन के क्रमांक 3A में उल्लेखित संपत्तियों के अतिरिक्त हैं।
3. आवदेन के विचाराधीन रहते हुए, आप सुरक्षित आस्तियों या अन्य संपत्तियों के साथ कोई लेन-देन या निस्तारण नहीं करेंगे।
4. आप किसी भी संपत्ति को बिना अधिकरण की पूर्व अनुमति के विक्रय, पट्टा या अन्य किसी प्रकार से हस्तांतरित नहीं करेंगे, सिवाय सामान्य व्यापारिक गतिविधियों के।
5. यदि सामान्य व्यापार में कोई संपत्ति बेची जाती है, तो उसके प्राप्त धन का लेखा प्रस्तुत करना होगा तथा संबंधित बैंक/वित्तीय संस्था के खाते में जमा करना होगा।

आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपना लिखित उत्तर (Written Statement) प्रस्तुत करें तथा उसकी प्रति आवेदक को दें और नियत तिथि 27.08.2026 को प्रातः 10:30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित हों, अन्यथा प्रकरण आपकी अनुपस्थिति में ही निर्णय कर दिया जाएगा। यह आदेश अधिकरण की मुहर एवं हस्ताक्षर से दिनांक 11/05/2026 को जारी किया गया।

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर (म. प्र.)



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन**
(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं/गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस, पंजीकृत डाक/ पावती सहित/स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपूर्दगी प्राप्त करने में मना करने/ गलत पते/ व्यक्ति द्वारा स्थान शहर छोड़े जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं/ गारंटरों ने, अपनी निम्नलिखित चल/ अचल संपत्तियों को, बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक/बंधक रखा हैं.बैंक की देया राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तों को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण, खाता, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के,अधिनियम के चैप्टर ||| के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागु करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तो के अनुरूप,बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री/पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

| क्र. | शाखा का नाम और फोन नं. | उधारकर्ता का नाम और पता जमानतदार का नाम और पता | बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (एनपीए दिनांक:21.12.2025) (नोटिस दिनांक:06.05.2026) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गुढ़ियारी शाखा रायपुर, 9109993963 | मेसर्स दक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्रोप. श्री चन्द्रशेखर धाबू पिता श्री सुधाकर राव, जमानतदार - श्री जयन्त धाबू एवं सारिका धाबू दक्ष निवास, शिवानंद नगर, सेक्टर 1, श्रीनगर, खमतराई, रायपुर, छत्तीसगढ़. | रु. 89,54,866.91 & 2,74,977.98 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार | 1. आवासीय भूमि स्थित खसरा नं.- 641/10, प.ह.नं.- 109/39, डॉ. भीम राव अम्बेडकर नगर वार्ड, वार्ड नं. - 27, फ्रेन्डस कॉलोनी मोवा, तहसील एवं जिला- रायपुर, छ.ग. भूमि का कुल क्षेत्रफल- 2000 वर्गफीट हैं जो श्री चन्द्रशेखर धाबू एवं जयन्त धाबू के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- कविता वर्मा की भूमि, अन्य भूमि, दक्षिण - परमेश्वरी वर्मा की भूमि, परमेश्वरी वर्मा का मकान, पूर्व- राधेश्याम वर्मा की भूमि, अन्य भूमि, पश्चिम - सड़क और उसके बाद आर.एन. पांडे की भूमि. |
| | | 2. आवासीय भूमि स्थित खसरा नं.-12, 113/1,113/2, 114/1, 114/2, 115/2, 115/3, 115/4, 116/2, 116/3, 116/4, 116/5, 147/2, 148/1, 148/2, 148/3, (नया खसरा नं.- 112/101), प.ह.नं.- 50, प्लाट नं. सी-72, बलराम दास वार्ड नं.- 15, नेहरू नगर, लाखोली, राजनांदगांव, तहसील और जिला - राजनांदगांव, छ.ग. हैं जो श्री चन्द्रशेखर धाबू के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- प्लाट नं. सी-71 काशी अग्रवाल, दक्षिण- प्लाट नं. बी-43, पूर्व सड़क, पश्चिम- इंद्रचंद कोठारी की भूमि. | | |

दिनांक:16.05.2026, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 8699142824, 8495973890
**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **04/06/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः मेसर्स ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स प्रोपराइटर- श्री संतोष सिंह ठाकुर पुत्र मूल सिंह ठाकुर लाखे नगर चौक महादेव घाट रोड भिलाई, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492013 श्रीमती हेमलता ठाकुर पत्नि संतोष सिंह ठाकुर | बंधक सम्पत्ति फैक्ट्री की भूमि और भवन स्थित खसरा नंबर 438/1-2-3, ग्राम उरला, आर/सी अभनपुर, पीसी नंबर-131, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर सम्पत्ति मालिक- संतोष सिंह ठाकुर विक्रय विलेख के अनुसारः संपत्ति क्रमांक-1: ग्राम उरला, पी.एच. नंबर-131, आर.एन.एम-अभनपुर, तहसील- अभनपुर, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़), खसरा नंबर 438 का एक भाग, सम्पत्ति मालिक- संतोष सिंह ठाकुर, कुल क्षेत्रफल-1.011 हेक्टेयर, सीमाएँ: उत्तर-कनीश फातमा की भूमि, दक्षिण-उस्मान भाई की भूमि, पूर्व-बेलभाटा, पश्चिम-संतोष ठाकुर की भूमि संपत्ति क्रमांक-2: ग्राम उरला, पी.एच. नंबर-131, आर.एन.एम-अभनपुर, तहसील- अभनपुर, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़), खसरा नंबर 438 का एक भाग, सम्पत्ति मालिक- संतोष सिंह ठाकुर, कुल क्षेत्रफल- 0.708 हेक्टेयर, सीमाएँ: उत्तर-कनीश फातमा की भूमि, दक्षिण-उस्मान भाई की भूमि, पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-उस्मान भाई की भूमि सांकेतिक कब्जा BAANKNET PROPERTY ID: CNRBTHAKURPETRO COORDINATES: 21.048787, 81.767407 | 28.05.2025 / 14.08.2025 / दि. 11/05/2026 को ₹ 9,42,98,762.39 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 3,19,48,000/- / ₹31,94,800/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी- मेसर्स त्रिमूर्ति इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन, प्रोपः श्री लोकेश नाथ उपाध्याय, मकान नं. एलआईजी, 61 सेक्टर 2 वार्ड नंबर 31 दुर्गा मैदान के पास शंकर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ 492001 श्रीमती विनती तिवारी (जमानतदार) | संपत्ति 1: प्लॉट क्रमांक 92,93, खसरा क्रमांक 379/3 का भाग, ग्राम-जामुल, पी.सी. क्रमांक 13/18, वार्ड क्रमांक-04, आर.आई. सर्किल दुर्ग-1, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) संपत्ति मालिक- श्री लोकेश नाथ उपाध्याय पुत्र स्व. रामकिशोर उपाध्याय क्षेत्रफल-2244 वर्गफुट। चर्तुसीमाएं: उत्तर-रोड, दक्षिण-एसीसी की संपत्ति, पूर्व-प्लॉट क्रमांक 94, पश्चिम-प्लॉट क्रमांक 91 Baanknet Property ID: CNRBTRIMURTI1 Co-ordinates: 21.254927, 81.380798 सांकेतिक कब्जा | 02-04-2024 / 26-06-2024 / दि. 11/05/2026 को ₹ 1,18,75,428.95 +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 14,00,000/- / ₹ 1,40,000/- / ₹ 10,000/- |
| | संपत्ति 2: मकान क्रमांक एलआईजी 61, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शंकर नगर, सेक्टर-2, वार्ड क्रमांक 31, पी.एच. क्रमांक 110/40, आरआईसी रायपुर 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) संपत्ति मालिक-श्रीमती विनती उपाध्याय पुत्री श्री लोकेश नाथ उपाध्याय क्षेत्रफल-1075 वर्गफुट। चर्तुसीमाएं: उत्तर-LIG मेसोनेट, दक्षिण- रास्ता, पूर्व-LIG-62, पश्चिम -LIG-60 सांकेतिक कब्जा Baanknet Property ID: CNRBTRIMURTI2 Co-ordinates: 21.256064, 81.659686 | | ₹ 56,00,000/- / ₹ 5,60,000/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणीः श्री पी योगेश्वर राव पुत्र पोट्टी जुगुलु, कॉलोनी जोन 02, बीएमवाई चरोदा भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग. 490025 सहऋणीः श्रीमती पी कृष्णवेनी पत्नी श्री पी योगेश्वर राव, पुत्र पोट्टी जुगुलु, जमानतदारः श्री बी गंगा राव | बंधक संपत्ति रिहायशी मकान फ्लैट नंबर ए 405, चतुर्थ तल, अवध विहार, पोटियाकला, वार्ड क्रमांक 53, पी सी 19/23, पोटिया चौक, रिंग रोड, खं. क्रमांक 80/5-6-7-8, तहसील एवं जिला दुर्ग, छ.ग. क्षेत्रफल- 705 वर्गफीट। चर्तुसीमाएंः उत्तरः खुला आकाश, दक्षिणः गलियारा, पूर्वः फ्लैट नंबर ए 404, पश्चिमः फ्लैट नंबर ए 406 GPS Location: 21.171641, 81.281993 PROPERTY ID: CNRB114629826 भौतिक कब्जा | 01/02/2022 / 25/04/2022 / दि. 11/05/2026 को ₹ 33,99,350.76 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 10,50,000/- / ₹ 1,05,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणीः श्रीमती नेहा देवांगन पत्नि चंदन देवांगन मठपारा दुर्गा चौक, किराना स्टोर के पीछे, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 सहऋणीः श्री चंदन देवांगन पुत्र भोलाराम देवांगन | मकान क्रमांक RPR567C00738, खसरा क्रमांक 178/46, गणपति नगर, मौजा चंगोराभाठा, खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 67, पीएच नं. 59, आरआईसी रायपुर-1, तह. और जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 935 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः उत्तर-संतराम साहू का मकान, दक्षिण- देवनारायण साहू का मकान, पूर्व-सड़क, पश्चिम-मीरा बाई की जमीन Baanknet Property ID: CNRB308278063 सांकेतिक कब्जा Co-ordinates: 21.13203, 81.36070 | 29/07/2024 / 09/10/2024 / दि. 11/05/2026 को ₹ 33,77,680.44 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 24,25,000/- / ₹ 2,42,500/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी-मेसर्स मॉडर्न साइंटिफिक कंपनी प्रोपराइटर- इमरान उमरानी पुत्र स्वर्गीय अब्दुल गफ्फार उमरानी, स्टेशन रोड रायपुर, छत्तीसगढ़-492009 जमानतदारः रफीक उमरानी पुत्र अब्दुल गफ्फार उमरानी | भूमि एवं भवन स्थित प्लाट नं. 26, समता सहकारी गृह निर्माण सहकारी समिति, समता कॉलोनी, रायपुर, क्षेत्रफल-4000 वर्गफीट संपत्ति मालिक- अब्दुल गफ्फार उमरानी प्लाट क्षेत्रफल 4000 वर्गफिट में से 921 वर्गफिट दरबार है। चर्तुसीमाएं- पूर्व- अन्य का मकान, पश्चिम- सलीम भाई का मकान, उत्तर- रोड, दक्षिण- जलाल का मकान BAANKNET PROPERTY ID: CNRBMODERNSCIENTIFIC COORDINATES: 21.1455, 81.3708 सांकेतिक कब्जा | 05/05/2022 / 15/07/2022 / दि. 11/05/2026 को ₹ 1,01,21,773.80 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 1,09,50,000/- / ₹ 10,95,000/- / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 03/06/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 04/06/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.8699142824, 8495973890), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलायन्स प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।

दिनांक : 11-05-2026, स्थान : जबलपुर — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक





# ये है दुनिया का सबसे महंगा तोता, 3 फीट लंबा ये पक्षी है अमीरों का स्टेटस सिंबल

**नई दिल्ली।** अगर आप मानते हैं कि पालतू जानवर रखना सिर्फ शौक है, कोई बड़ी बात नहीं तो ये कहानी आपकी सोच बदल सकती है। दरअसल, दुनिया में एक ऐसा पक्षी है जिसकी कीमत में आप आराम से एक लग्जरी कार खरीद लें, जी हां, यह तोता सिर्फ खूबसूरती ही नहीं, बल्कि अपनी कीमत के लिए भी मशहूर है। हम बात कर रहे हैं हायसिंथ मकाऊ की, एक ऐसा तोता जिसे दुनिया का सबसे महंगा तोता माना जाता है।

### क्या बनाता है इसे इतना खास?

हायसिंथ मकाऊ सिर्फ महंगा ही नहीं, बल्कि अपनी खूबियों की वजह से भी बेहद अनोखा है। यह लगभग 3 फीट लंबा होता है, यानी यह दुनिया का सबसे बड़ा उड़ने वाला तोता है। इसका गहरा नीला रंग इसे ब्लू डायमंड जैसी पहचान देता है, जबकि आंखों के आसपास का पीला घेरा इसकी खूबसूरती को और बढ़ाता है। इसकी चोंच बेहद मजबूत होती है, नारियल को भी आसानी से तोड़ सकता है। यह नट्स, बीज, फल और नारियल खाना पसंद करता है। 50 से 80 साल तक जीने वाला यह तोता पीढ़ियों तक आपका साथी बन सकता है। यह बेहद समझदार होता है, कुछ शब्द बोल सकता है और अपने मालिक से गहरा जुड़ाव बना लेता है।



### आखिर इतने महंगे क्यों?

इन तोतों की ऊंची कीमत के पीछे कई वजहें हैं, इनकी दुर्लभता, शानदार रंग, बड़ा आकार और लंबी उम्र। साथ ही इनकी देखभाल भी आसान नहीं होती, जिसके लिए खास माहौल और खर्च की जरूरत पड़ती है। यही कारण है कि ये पक्षी आम लोगों के लिए नहीं, बल्कि खास शौक रखने वालों के लिए ही होते हैं।

### कहां पाया जाता है और क्यों है दुर्लभ?

यह खूबसूरत पक्षी मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका, ब्राजील, बोलीविया और पैराग्वे के जंगलों में पाया जाता है। लेकिन, जंगलों के घटते दायरे और अवैध व्यापार के कारण इसकी संख्या तेजी से कम हो रही है। यही वजह है कि इसे अंतरराष्ट्रीय संरक्षण सूची में भी शामिल किया गया है, जिससे इसकी कीमत और भी बढ़ गई है। ब्लैक पाम कॉकाटूः इंडोनेशिया का दुर्लभ तोता, जिसकी कीमत लाखों में होती है। एक्लेक्टस तोताः नर हरे और मादा लाल-बैंगनी रंग की भारत में भी महंगा बिकता है। अफ्रीकन ग्रे तोताः बोलने में माहिर, भारत में करीब 1.5 लाख तक मिलता है। स्पिक्स मकाऊः बेहद दुर्लभ प्रजाति, जिसकी कीमत कभी-कभी करोड़ों तक पहुंच जाती है।

### विशाल सोन के संबंध में आम सूचना का स्पष्टीकरण

हरिभूमि के 13 मई एवं 15 मई के अंक में विज्ञापन के तौर पर एक आम सूचना प्रकाशित हुई है, जिसे संगीता केतन शाह, एमडी सिम्पलेक्स कास्टिंग्स लिमिटेड ने विज्ञापन के तौर पर प्रकाशित कराया है। आम सूचना में उप पुलिस अधीक्षक, विशाल सोन पर व्यक्तिगत आरोप लगाए गए हैं। हरिभूमि इन आरोपों की पुष्टि नहीं करता। न आरोप खबर के तौर पर प्रकाशित किए गए हैं।

## रोचक खबरें



### तीन फीट के दूल्हे को मिली परी सी दुल्हनिया, देखता रह गया पूरा गांव

**चंडीगढ़।** न रंग, न रूप और न हाईट, शादी के लिए ये सब मायने नहीं रखता। कहते हैं हर किसी के लिए कोई ना कोई जरूर बना होता है। जोड़ियां तो स्वर्ग से ही बनकर आती हैं। हरियाणा के कैथल जिले में हुई एक अनोखी शादी ने इस कहावत को सच कर दिखाया है। चंदाना गांव के रहने वाले 26 वर्षीय विक्रम की लंबाई महज 3 फीट है। पहले रिश्ते आ रहे थे। तब उन्होंने रिश्ते ठुकरा दिए, क्योंकि विक्रम को अपने दूसरे भाइयों की शादी पहले करवानी थी। बाद में रिश्ते मिलना ही बंद हो गए। विक्रम ने फिर भी हार नहीं मानी, उन्हें लगता था कि उनके लिए भी कोई ना कोई दुल्हन जरूर होगी। हुआ भी फिर कुछ ऐसा। विक्रम को बेहद खूबसूरत दुल्हनिया मिलीं। दोनों की हाईट 3 फीट है। दूल्हा -दुल्हन की जोड़ी देख लोग उनके साथ सेल्फी लेने से खुद को रोक भी नहीं पाए।सालों तक बौना कहे जाने का ताना सुनने वाले विक्रम जब अपनी दुल्हनिया प्रियंका को लेकर गांव पहुंचे, तो नजारा देखने लायक था। शादी की चर्चा केवल दूल्हा-दुल्हन की लंबाई को लेकर नहीं, बल्कि विक्रम के अंदाज को लेकर भी है। विक्रम अपनी दुल्हन को लेने के लिए जींद के हाट गांव बुलेट पर सवार होकर पहुंचे थे। बारात में विक्रम का जोश और बुलेट पर उनके डांस ने सबका दिल जीत लिया। जैसे ही रविवार रात विक्रम अपनी 25 वर्षीय पत्नी प्रियंका के साथ चंदाना गांव लौटे, पूरा गांव उनके स्वागत में उमड़ पड़ा. लोग इस जोड़ी के साथ सेल्फी लेने के लिए बेताब दिखे।

### वो खौफनाक जेल, जहां महिलाओं का सिर काटकर फुटबॉल खेलते हैं खूंखार कैदी

**टेगुसिगलपा।** जेल का नाम सुनते ही दिमाग में ऐसी जगह की तस्वीर बनती है, जहां अपराधियों को कानून के सख्त पहरे में रखा जाता है। लेकिन, दुनिया में कुछ जेलें ऐसी भी हैं, जहां हालात इतने खौफनाक हैं कि वहां कैदी ही असली सत्ता चलाते हैं। इन जेलों में हिंसा, गैंगवार और खूनी संघर्ष आम बात मानी जाती है। खासकर मध्य अमेरिकी देशों होंडुरास और अल साल्वाडोर की जेलें दुनिया की सबसे खतरनाक जेलों में गिनी जाती हैं। यहां हालात इतने खतरनाक हैं कि कई बार जेल के अंदर ही एक साथ कई हत्याएं हो जाती हैं और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे रह जाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, होंडुरास और अल साल्वाडोर की कई जेलों पर खतरनाक ड्रग्स कार्टेल और गैंग्स का दबदबा है। एमएस-13 और बैरियो 18 जैसे खूंखार गिरोह सिर्फ शहरों की सड़कों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जेलों में भी अपना नेटवर्क चलाते हैं। होंडुरास में हुई एक घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। राजधानी तेगुसिगाल्पा के पास स्थित महिलाओं की जेल पर हथियारबंद गैंग सदस्यों ने हमला कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने जेल के अंदर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और कई कैदियों को घेर लिया। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन जेलों में गैंगवार के बाद कैदियों के सिर काटकर उनसे फुटबॉल तक खेली जाती है।



### खाने में लाजवाब, लेकिन बेहद जहरीली है ये मछली, जरा सी लापरवाही में मौत

**टोक्यो।** दुनिया भर में कई ऐसी चीजें हैं जो स्वादिष्ट तो होती हैं लेकिन उनके साथ खतरा भी जुड़ा होता है। ऐसी ही एक मछली है फुगु, जिसे पफरफिश या ब्लोफिश भी कहते हैं। यह जापानी व्यंजन के रूप में मशहूर है। इसका स्वाद इतना अनोखा और लाजवाब है कि लोग हजारों रुपये खर्च करके इसे खाने के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन यह मछली बेहद जहरीली भी है। पकाने में एक छोटी सी लापरवाही खाने वाले की जान ले सकती है। फुगु मछली में टेट्रोडोटॉक्सिन नाम का घातक न्यूरोटॉक्सिन पाया जाता है। यह जहर साइनाइड से भी 1200 गुना ज्यादा खतरनाक है। मछली के लीवर, अंडाशय, आंत और त्वचा में यह जहर सबसे ज्यादा होता है। इतना जहर कि एक मछली 30 से ज्यादा लोगों को मार सकती है। सबसे डरावनी बात यह है कि यह जहर रंगहीन, गंधहीन और स्वादहीन होता है।



# बिल गेट्स हर हफ्ते आसमान में क्यों छोड़ रहे करोड़ों मच्छर ?

**बोगोटा।** दुनिया में मच्छरों को आमतौर पर बीमारी फैलाने वाला माना जाता है, लेकिन कोलंबिया के मेडेलिन शहर में वैज्ञानिक हर हफ्ते करोड़ों मच्छरों को जानबूझकर वातावरण में छोड़ रहे हैं। पहली नजर में यह सुनने में बेहद अजीब लगता है, क्योंकि डेंगू, जीका, चिकनगुनिया और येलो फीवर जैसी खतरनाक बीमारियां मच्छरों से ही फैलती हैं। लेकिन, वैज्ञानिकों का दावा है कि यह प्रोजेक्ट इन बीमारियों को रोकने के लिए शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट को बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का समर्थन मिला है और इसे विश्व मच्छर कार्यक्रम भी सपोर्ट कर रहा है।

### दुनिया की सबसे बड़ी मच्छर फैक्ट्री

मेडेलिन में मौजूद यह फैक्ट्री दुनिया के सबसे बड़े मच्छर प्रोडक्शन सेंटरों में गिनी जाती है। यहां मुख्य रूप से एडीज एजिप्टी प्रजाति के मच्छर तैयार किए जाते हैं, जो डेंगू और जीका जैसी बीमारियां फैलाने के लिए जाने जाते हैं। वैज्ञानिक लैब के अंदर नियंत्रित तापमान में मच्छरों के अंडों से लेकर लार्वा और फिर वयस्क मच्छरों तक हर स्टेज की निगरानी करते हैं। इसके बाद उन्हें अलग-अलग इलाकों में छोड़ा जाता है।

### सीक्रेट मिशन उड़ा देगा आपके होश



### भविष्य में बदल सकता है बीमारी रोकने का तरीका

हर साल दुनियाभर में करोड़ों लोग मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की चपेट में आते हैं। अब तक इस्तेमाल होने वाले केमिकल स्प्रे और फ्यूमिगेशन पूरी तरह असरदार साबित नहीं हुए हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वोल्बाचिया तकनीक भविष्य में बीमारी रोकने का सुरक्षित और लंबे समय तक असर करने वाला तरीका बन सकती है। मेडेलिन की यह मच्छर फैक्ट्री अब सिर्फ एक लैब नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक नए हेल्थ मॉडल का प्रतीक बन चुकी है, जहां विज्ञान और बायोलॉजी की मदद से खतरनाक बीमारियों से लड़ने की कोशिश की जा रही है।

### इन मच्छरों में क्या है खास?

इन मच्छरों की सबसे खास बात है वोल्बाचिया नाम का बैक्टीरिया। यह एक प्राकृतिक बैक्टीरिया है, जो कई कीड़ों में पहले से पाया जाता है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया कि जब एडीज एजिप्टी मच्छरों में यह बैक्टीरिया मौजूद होता है, तब उनके जरिए वायरस इंसानों तक पहुंचने की संभावना काफी कम हो जाती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन मच्छरों को जेनेटिकली मॉडिफाई नहीं किया गया है।

### ली जा रही है मदद

इस प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को भी शामिल किया गया है। कुछ इलाकों में लोगों को छोटे कंटेनर दिए जाते हैं, जिनमें मच्छरों के अंडे होते हैं। ये अंडे प्राकृतिक रूप से निकलते हैं।

### कैसे काम करता है यह प्रोजेक्ट?

जब इन मच्छरों को खुले वातावरण में छोड़ा जाता है, तो वे स्थानीय मच्छरों के साथ प्रजनन करते हैं। धीरे-धीरे वोल्बाचिया बैक्टीरिया दूसरे मच्छरों में भी फैलने लगता है। इससे उस इलाके में ऐसे मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है, जो वायरस फैलाने में कमजोर होते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि उनका लक्ष्य मच्छरों को पूरी तरह खत्म करना नहीं है, बल्कि खतरनाक मच्छरों की जगह कम नुकसान पहुंचाने वाले मच्छरों को बढ़ाना है।

# साल में दो बार अचानक खुद ही फटकर रास्ता बना देता है ये समुद्र

**सियोल।** किस्से-कहानियों में तो बहुत सुना होगा कि किसी ने छड़ी घुमाई और समंदर दो फाड़ हो गया, पर असल जिंदगी में ऐसा नजारा देखना हो तो दक्षिण कोरिया के जिंदो द्वीप चले आइए। यहां कुदरत का ऐसा 'मिरेकल' होता है, जिसे देखकर बड़े-बड़े सूरमाओं के पसीने छूट जाएं। साल में सिर्फ दो बार ये समंदर अपनी मर्जी से मुसाफिरों को रास्ता देता है और फिर अचानक ऐसे गायब हो जाता है, जैसे कभी था ही नहीं।



**वक्त की पाबंदी और समंदर की मौज** : जब यह रास्ता खुलता है, तो वहां नजारा किसी जश्न से कम नहीं होता. हजारों की तादाद में लोग समंदर के बीचों-बीच टहलने, फोटो खिंचवाने और रेत में छिपे समुद्री जीवों को ढूंढने पहुंच जाते हैं।

### जिंदो द्वीप का वो 'रहस्यमयी' समुद्री रास्ता

इसे दुनिया 'जिंदो मिरेकल' के नाम से जानती है, जो जिंदो द्वीप को मोडो और सेओडो टापुओं से जोड़ता है। करीब 2.8 किलोमीटर लंबा यह रास्ता कोई इंसान का बनाया पुल नहीं, बल्कि ज्वार-भाटा की वजह से उभरने वाली एक कुदरती पगडंडी है। जब सूरज और चांद का गुरुत्वाकर्षण अपना जोर दिखाता है, तो लहरें करीब 40 से 60 मिनट के लिए पीछे हट जाती हैं और बिछ जाती है रेत की एक शानदार सड़क।

# पुरुषों के स्पर्म में घर बना लेता है खतरनाक हंता वायरस

**न्यूयार्क।** दुनिया अभी पूरी तरह से कोरोना के दर्द से उबरी नहीं है कि एक हंता वायरस के खतरे ने फिर डरा दिया है। दुनियाभर में तेजी से फैलने वाले खतरनाक वायरसों को लेकर वैज्ञानिक लगातार नई-नई रिसर्च कर रहे हैं। इसी के तहत हंता वायरस को लेकर एक स्टडी ने हेल्थ एक्सपर्ट्स की चिंता बढ़ा दी है। रिसर्च में दावा किया गया है कि यह वायरस इंसान के शरीर में ठीक होने के कई साल बाद तक छिपा रह सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार हंता वायरस पुरुषों के स्पर्म में करीब 6 साल तक जिंदा रह सकता है और इससे शारीरिक संबंध के जरिए इन्फेक्शन फैलने का खतरा भी बना रह सकता है।



### क्या है हंता वायरस

हंता वायरस की वजह से पूरी दुनिया में खौफ है। यह वायरस मुख्य रूप से चूहों और उसके जैसे जीवों से इंसानों में फैलता है। हंता वायरस के लक्षण पहले सामान्य फ्लू की तरह होते हैं। बुखार, शरीर में दर्द, सिरदर्द, पेट खराब होना और हल्की खांसी होती है। सबसे खास बात यह है कि कई लोगों में लक्षण नजर नहीं आते।

### स्विस वैज्ञानिकों की चौंकाने वाली रिसर्च

यह रिसर्च स्विट्जरलैंड के सरकारी संस्थान स्पिएज लेबोरेटरी में हुई है, जो परमाणु और जैविक खतरों से लड़ने के लिए जानी जाती है। रिसर्चर्स ने एक 55 साल के स्विस व्यक्ति का टेस्ट किया, जो 6 साल पहले दक्षिण अमेरिका में हंता वायरस के एंडीज स्ट्रेन से संक्रमित हुआ था। रिसर्च में पाया गया कि उस व्यक्ति के खून, यूरिन और श्वसन तंत्र में वायरस का कोई निशान नहीं था, लेकिन इन्फेक्शन के 71 महीने बाद भी उसके स्पर्म में वायरस सक्रिय पाया गया। वैज्ञानिकों के मुताबिक इबोला और जीका वायरस की तरह हंता वायरस के लिए भी पुरुषों के टेस्टिस एक सेफ हाउस की तरह काम करते हैं।

# एल नीनो का असर, यूरोप में चलेगी लू तो ऑस्ट्रेलिया में आएगा सूखा

**वॉशिंगटन।** दुनिया पर ग्लोबल वॉर्मिंग के बढ़ते खतरे के बीच वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि साल 2026 अब तक के सबसे गर्म वर्षों में से एक बन सकता है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब संभावित अल नीनो के बीच उत्तरी गोलार्ध गर्मी के मौसम में प्रवेश कर रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अप्रैल के अंत में अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भूमध्य रेखा पर प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह तेजी से गर्म हो रही है। इससे मई और जुलाई के बीच अल नीनो की स्थितियां बनने की संभावना है। हालांकि, अभी भी पूर्वानुमान लगाना मुश्किल बना हुआ है।

### ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में सूखे की स्थिति

वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार, संभावित अल नीनो की स्थिति बनने पर अमेरिका के दक्षिणी इलाके, दक्षिण अमेरिका महाद्वीप और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में अधिक नमी की संभावना है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में सूखे की स्थिति पैदा हो सकती है। वैज्ञानिकों की चेतावनी में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्रभाव और भी तेज हो सकता हैं।

### वैज्ञानिकों ने दी खतरे की चेतावनी




### चीन की विज्ञान आधारित आपदा निवारण प्रणाली

चीन ने विज्ञान आधारित आपदा निवारण को मजबूत किया है। एआई मॉडल का इस्तेमाल पहले से ही प्रांतीय मौसम विज्ञान प्रणालियों में अत्यधिक बारिश और तूफान के रास्तों के अल्पकालिक पूर्वानुमानों को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। रिमोट सेंसिंग बाढ़, सूखे और भूवैज्ञानिक खतरों की लगभग वास्तविक समय में निगरानी में मदद मिलती है। चीनी अधिकारियों ने बाढ़, भूस्खलन और बुनियादी ढांचे की नाकामी के लिए आपातकालीन अभ्यास भी बढ़ाए हैं।

#### कभी काली है बोलकर ताना मारते थे लोग

### आज झुग्गी की ये लड़की है इंटरनेशनल ब्रांड का चेहरा



**मुंबई।** कभी मुंबई की जिन तंग गलियों में मलीशा खारवा को उनके सांवलेपन के लिए ताने मिलते थे, आज उसी रंग और आत्मविश्वास ने उन्हें इंटरनेशनल ब्रांड्स की पहली पसंद बना दिया है। धारावी की झुग्गियों से निकलकर मलीशा के लग्जरी ब्रांड्स के होर्डिंग्स तक पहुंचने का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। 2008 में धारावी की झुग्गी बस्ती में जन्मीं मलीशा के घर की आर्थिक स्थिति ऐसी थी कि परिवार का पेट पालने के लिए उनके पिता बच्चों की पार्टियों में जोकर बनकर लोगों को हंसाते थे। लेकिन, मलीशा के सपने बड़े थे। वह खुद को मैग्जीन के कवर पर छपते हुए देखना चाहती थीं, लेकिन समाज उन्हें यह कहकर ताने मारता था कि तू सांवली है, तुझे कौन मैग्जीन में छापेगा। साल 2020 मलीशा की जिंदगी का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट हॉफमैन की नजर जब उन पर पड़ी, तो उनमें उन्हें एक इंटरनेशनल स्टार नजर आया. हॉफमैन ने मलीशा की कहानी सोशल मीडिया के जरिए पूरी दुनिया तक पहुंचाया, और देखते ही देखते स्लम प्रिंसेस का नाम वायरल हो गया। आज मलीशा फैशन वर्ल्ड में एक जाना-पहचाना नाम हैं। दिग्गज स्किनकेयर ब्रांड फॉरेस्ट एसेंशियल्स ने उन्हें अपने कैंपेन का चेहरा बनाया है। इसके अलावा वह वोग, कॉस्मोपॉलिटन, ग्राजिया और एले जैसी प्रतिष्ठित मैग्जीन की कवर पेज पर अपनी जगह बना चुकी हैं। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर आज वह एक यूथ आइकॉन हैं। मलीशा ने कहा, लोग कहते थे कि मैं काली हूं. मॉडल नहीं बन सकती. आज वही लोग मेरी कामयाबी पर तालियां बजाते हैं। उन्होंने कहा, आपकी परिस्थिति आपके फ्यूचर को तय नहीं करती, बल्कि आपका हौसला करता है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com